

छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। गुरुवार 07 नवंबर-2024 | ● वर्ष : 9 अंक : 314 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## आज राजकीय सम्मान के साथ होगा स्वर कोकिला शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार




### सीएम नीतीश बोले- अपूरणीय क्षति हुई

**नई दिल्ली।** देश की प्रसिद्ध लोकगायिका और बिहार कोकिला पद्मश्री शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसकी घोषणा की है। सीएम नीतीश कुमार ने पटना के डीएम को निर्देश है कि राजकीय सम्मान के साथ स्व. शारदा सिन्हा के अंतिम संस्कार के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को स्व. शारदा सिन्हा के परिवार के सदस्यों से समन्वय स्थापित कर उनका पार्थिव शरीर वायुयान से पटना भेजने का निर्देश दिया।

### ससुराल में लोगों ने कहा- छठी मैया की बेटी थीं

लोकगायिका शारदा सिन्हा के निधन के समाचार मिलते ही उनके ससुराल बेगूसराय जिला स्थित सीहमा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। शारदा सिन्हा बिहार ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने गीत के माध्यम से लोगों के बीच मौजूद थे और सदा रहेंगे। लेकिन, आज उनकी कमी पूरे जिले वासियों को खल रही है।

### सीएम नीतीश ने अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी

बिहार कोकिला शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार कल होगा। पटना के राजेंद्र नगर स्थित उनके आवास पर उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया है।

तिरंगे में लिपटे पार्थिव शरीर को देखने के लिए उनके फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी की आंखें नम थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पहुंचे। उन्होंने अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

**राज्यपाल ने निधन पर जताया शोक :** लोकगायिका शारदा सिन्हा ने निधन पर बिहार भाजपा की ओर से कहा गया कि मां सरस्वती की वरदपुत्री, पद्म श्री, बिहार कोकिला शारदा सिन्हा से बिहार ही नहीं पूरे देश को अपूरणीय क्षति हुई है। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि उनके जाने से लोक संगीत का एक अध्याय खत्म हो गया।

छठ महापर्व

# अर्घ्य के लिए तैयार हुए गाजियाबाद के घाट

## आज हजारों श्रद्धालु परिवार करेंगे डूबते सूर्य का पूजन

### दिन में डीएम इन्द्र विक्रम सिंह और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने किया निरीक्षण, रात को पहुंचीं मेयर सुनीता दयाल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लोक आस्था के महापर्व के रूप में मनाए जाने वाले छठ महोत्सव में गुरुवार को व्रतधारी डूबते हुए सूरज को अर्घ्य देने का काम करेंगे। इसके साथ ही शुक्रवार की सुबह उगते सूरज को अर्घ्य देने के साथ विधि-विधान से पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद छठ महापर्व का व्रत पूरा होगा। छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर गाजियाबाद पुलिस-प्रशासन ने सभी बंदोबस्त पूर्ण कर लिए हैं। बुधवार को जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने हिंडन छठ घाटों का निरीक्षण किया। यहां साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लेने के साथ ही सुरक्षा के लिए घाटों पर लगाए गए सीसीटीवी और हिंडन के घाटों पर की गई बैरिकेटिंग का निरीक्षण किया गया है। इसके साथ ही यहां साफ-सफाई और सजावट का नजारा भी देखा गया। बता दें कि हिंडन सहित गाजियाबाद में लगभग 100 से अधिक स्थानों पर कहीं घाटों पर, तो कहीं स्वीमिंग पूल और सोसायटियों के भीतर छठ महोत्सव का आयोजन हर्षोंउल्लास के साथ मनाया जाएगा।

### महापौर सुनीता दयाल ने किया हिंडन घाट का निरीक्षण



करंट क्राइम : बुधवार की रात महापौर सुनीता दयाल ने नगर निगम द्वारा हिंडन के छठ घाट पर बनाई गई वेदियों और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान यहां नगर निगम द्वारा जो लेजर लाइट शो होना है, उसकी व्यवस्थाओं को भी देखने का काम किया। साथ ही नगर निगम द्वारा यहां अन्य व्यवस्था की गई हैं ताकि हिंडन के छठ घाट पर पूजा करने वाले व्रतधारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### जिला प्रशासन ने स्कूलों में की सार्वजनिक अवकाश की घोषणा

करंट क्राइम : छठ महापर्व को लेकर 7 नवंबर यानि गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक ने समस्त यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई बोर्ड के साथ ही समस्त माध्यमिक विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों मदरसों में जिला अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देश पर अवकाश की सूचना भेज दी है। साथ ही इंटरनेट और सोशल मीडिया के माध्यम से भी स्कूल प्रबंधकों को सार्वजनिक अवकाश लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी स्कूलों को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने का पत्र भी जारी किया है।

### रंग-बिरंगी रोशनी से जगमग हुए हिंडन घाट, लेजर लाइट का होगा शो

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया है कि पिछले वर्ष की भांति इसका बार भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा समस्त छठ घाटों की मरम्मत का कार्य, छठ घाटों की रंगा पुताई, छठ घाट पर सफाई, गंगाजल की लाइन बिछाने के साथ ही यहां पर अन्य व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं हिंडन पुल और छठ के मुख्य घाटों के आसपास लेजर लाइट आकर्षण का केंद्र रहेगी। जहां श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम भी बनाए गए हैं।

### हिंडन के घाटों पर होगी पुष्प वर्षा

करंट क्राइम : पुरबिया जनकल्याण परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष रीता सिंह के मुताबिक, गाजियाबाद में लाखों की संख्या में लोग छठ महापर्व को मनाते हैं। गुरुवार शाम को हिंडन छठ घाट पर लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। साथ ही हेलीकॉप्टर के माध्यम से घाटों पर पुष्प वर्षा की जाएगी।

### सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम, रूट होगा डायवर्जन



करंट क्राइम : छठ पूजा के लिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। वहीं डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि ड्रोन से सुरक्षा होगी। सोशल मीडिया से लेकर घाटों पर निगरानी रहेगी। इसके साथ ही छठ पूजा के दौरान हिंडन नदी घाट पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गाजियाबाद ट्रैफिक पुलिस ने विशेष ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग व्यवस्था की है। अपर उपायुक्त (ट्रैफिक) पीयूष कुमार सिंह ने जानकारी दी कि गुरुवार दोपहर दो बजे से शुक्रवार के कार्यक्रम समाप्त होने तक वाहनों की आवाजाही पर कुछ प्रतिबंध लगाए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं के लिए घाट की ओर जाने का रास्ता सुरक्षित और सुगम हो।

### इन सुविधाओं का भी किया गया है प्रबंध

- हिंडन के छठ घाटों पर कंट्रोल रूम बनाया गया है।
- इलेक्ट्रिसिटी के लिए जनरेटर की व्यवस्था की गई है।
- 25 चेंजिंग रूम।
- 30 सीसीटीवी।
- 20 वॉटर टैंक ।
- 10 मोबाइल टॉयलेट।
- 120 सफाई कर्मियों की व्यवस्था।

# अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज मामला : सुर्खियों में है एडवोकेट्स के बीच भाजपा के जनप्रतिनिधियों की अनदेखी

### विपक्ष वालों ने दी है दस्तक और पक्ष वाले हैं क्यों दूर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज का मामला शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते तीन दिनों से लगातार गाजियाबाद कचहरी में हड़ताल चल रही है।

तो वहीं वकीलों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में लगातार आंदोलन भी शुरू हो चुके हैं। इन सबके बीच गाजियाबाद कचहरी में इन दिनों अधिवक्ताओं के बीच भाजपा के जनप्रतिनिधियों की इस पूरे आंदोलन की अनदेखी की चर्चा जमकर हो रही है। अधिवक्ताओं के बीच में चर्चा है कि जब भाजपा वाले जनप्रतिनिधि बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव में मतदान करने आते हैं, तो वह अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के मामले में इस पूरे प्रकरण से दूरी क्यों बने हुए हैं जबकि अब तो सवाल यह भी उठ रहा है कि इस पूरे मामले में जिस तरीके से मंगलवार को नगीना से सांसद और आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को अपना समर्थन देने पहुंचे थे। साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज और जिला जज के व्यवहार को लेकर भी नाराजगी जताई थी। बता दें कि सांसद चंद्रशेखर आजाद पेशे से एक अधिवक्ता भी हैं।

### हो रहा है सवाल क्यों नही पहुंचे कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और ना ही कोई विधायक



करंट क्राइम : बीते दिनों गाजियाबाद बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ था और इस चुनाव में गाजियाबाद के भाजपा जनप्रतिनिधियों के रूप में कई प्रमुख शहरों ने मतदान का काम भी किया था। अब अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज और बीते कई दिनों से चल रही हड़ताल में भाजपा के इन जनप्रतिनिधियों की दूरी को लेकर सवाल हो रहे हैं। गाजियाबाद बार के सदस्यों के रूप में वर्तमान में साहिबाबाद से विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा हैं। तो वहीं स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप भी गाजियाबाद बार के सदस्य हैं। इसके साथ ही मुरादनगर विधानसभा सीट से विधायक अजीत पाल त्यागी और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सदस्य हैं। यह बीते कई वर्षों से बार एसोसिएशन गाजियाबाद के चुनाव में मतदान भी करते हैं। बावजूद इसके अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के मामले को लेकर ना तो उनकी ओर से कोई समर्थन पत्र या इस पूरे मामले में निंदा नहीं की गई है ना कोई बयान ही सामने आया है। जिसको लेकर अधिवक्ताओं में इस विषय पर जमकर चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं, जो अब सुर्खियों के रूप में सामने आ रही हैं।

### विपक्ष ने दे दी है समर्थन के साथ दस्तक



करंट क्राइम : मंगलवार को नगीना से सांसद आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद गाजियाबाद बार एसोसिएशन के धरनारत अधिवक्ताओं के बीच पहुंचे थे। उन्होंने अपना समर्थन दिया, साथ ही उन्होंने पुलिस लाठीचार्ज की निंदा करते हुए जिला जज के व्यवहार पर भी असंतोष व्यक्त किया है। इसके साथ ही अधिवक्ताओं को उन्होंने अपना समर्थन देते हुए आगे उनकी आवाज बुलंद करने का आश्वासन दिया था, जबकि पक्ष वाले इस पूरे प्रकरण में अब तक दूरी बनाए हुए हैं मौन वाली स्थिति में है।

# आठ नवंबर को दो हजार पन्ना प्रमुखों के साथ संवाद कायम करेंगे स्वयं योगी आदित्यनाथ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ नवंबर को नेहरूनगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में आ रहे हैं। पन्ना प्रमुख और सीएम का संवाद ही इस बात की सबसे बड़ी गवाही है भाजपा चुनावी रणनीति को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रही है।**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ नवंबर को गाजियाबाद आ रहे हैं। मुख्यमंत्री का संवाद कार्यक्रम बता रहा है कि भाजपा यहां चुनाव मतदान की रणनीति पर काम कर रही है। वो अपने कार्यकताओं की एक फौज के साथ आ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम भी इसी की तस्दीक कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ नवंबर को नेहरूनगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में आ रहे हैं। वो यहां भाजपा द्वारा आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरस्वती शिशु मंदिर में लगभग दो हजार पन्ना प्रमुख के साथ संवाद कायम करेंगे। शहर विधानसभा में 506 बूथ हैं और इन सभी बूथों पर पन्ना प्रमुख तैनात हैं। पन्ना प्रमुख और सीएम का संवाद ही इस बात की सबसे बड़ी गवाही है भाजपा चुनावी रणनीति को जमीनी स्तर पर मजबूत कर रही है। वो अपनी वोट की ताकत को बढ़ा रही है। माना जा रहा है कि ये कार्यक्रम चुनाव में मील का पत्थर साबित होगा। अगर पन्ना प्रमुख विधानसभा में एक्टिव रहेंगे तो इसका सीधा असर मतदान प्रतिशत पर पड़ेगा। मुख्यमंत्री का आना और पन्ना प्रमुख की बैठक बता रही है कि भाजपा नई रणनीति के साथ आ रही है।

# तीसरे दिन भी जारी रही कचहरी में हड़ताल, आज से महिला अधिवक्ता संभालेंगी कमान

## कल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के बार संघों के अध्यक्ष और सचिव करेंगे मीटिंग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद कचहरी के कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के मामले को लेकर बार एसोसिएशन गाजियाबाद की हड़ताल बुधवार को तीसरे दिन भी जारी रही। अधिवक्ताओं ने काम नहीं किया तो वहीं टाइपिस्ट का काम करने वालों पर भी अधिवक्ताओं ने रोक लगाने का काम किया है। वहीं बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने 8 नवंबर को पश्चिम उत्तर प्रदेश के समस्त जनपद बार संघों और तहसील के अध्यक्ष व सचिव से इस आंदोलन में शामिल होकर आगे की रणनीति बनाने के लिए बैठक बुलाई है।

यह बैठक सुबह 10:30 बजे से शुरू होगी। वहीं इस पूरे मामले में अधिवक्ता नाहर सिंह यादव ने महिला अधिवक्ताओं से अपील की है कि अब इस आंदोलन की कमान वह संभाले। जिला जज का जबतक तबादला नहीं होता है और लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई नहीं होगी, तब तक उन्होंने अपना अनिश्चितकालीन धरना जारी रखने की बात की है। गाजियाबाद बार एसोसिएशन के आवाहन पर जारी हड़ताल और कार्य बहिष्कार के चलते बुधवार को भी भारी संख्या में कचहरी के आसपास व पुलिस ऑफिस पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।



### निहत्थे अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज करना अमानवीय

करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद की वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. शबनम खान ने कहा है कि इस पूरे मामले में बार एसोसिएशन अब महिला पदाधिकारियों को साथ लेकर आगे चलेगी। तो वहीं नाहर सिंह यादव ने महिला अधिवक्ताओं से अपील की है कि वह जिला जज के खिलाफ और पुलिस कार्रवाई के विरोध में जो आंदोलन में धरना प्रदर्शन चल रहा है, उसकी कमान संभालें। उम्मीद की जा रही है कि गुरुवार से आंदोलन में महिला अधिवक्ताओं की संख्या में इजाफा देखने को मिलेगा। बता दें कि बीते तीन दिनों से गाजियाबाद बार एसोसिएशन कार्य बहिष्कार पर है। जिसकी वजह से गाजियाबाद कचहरी में हड़ताल चल रही है। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने कचहरी के मुख्य गेट पर गेट बंद करते हुए ताला लगा दिया था, जिससे आने-जाने में लोगों को असुविधा भी हुई थी।




### पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बार तय करेंगी आगे की रणनीति

करंट क्राइम : गाजियाबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने लैटर जारी करते हुए जानकारी दी है की 8 नवंबर को सुबह 10 :30 बजे गाजियाबाद बार सभागार में पश्चिम उत्तर प्रदेश के अलग-अलग बार एसोसिएशन के पदाधिकारी जिसमें अध्यक्ष और सचिव के साथ ही तहसील संघ के पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है। बार सभागार में होने वाली इस बैठक में आंदोलन को लेकर आगे की रणनीति बनाने के साथ ही इस पूरे आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी।



### हड़ताल के चलते परेशान रहे वादी-प्रतिवादी

करंट क्राइम : हड़ताल के चलते कचहरी आने वाले वादी-प्रतिवादी परेशान चल रहे हैं। उनकी सुनवाई नहीं हो पा रही है। साथ ही तारीख लेने के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है। उधर अधिवक्ताओं ने साफ कर रखा है कि जब तक जिला जज को हटाया नहीं जाता है और लाठीचार्ज करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होगी तब तक धरने पर बैठे अधिवक्ताओं की हड़ताल खत्म नहीं होगी।

# लखनऊ में अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण को गति देगी योगी सरकार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में प्रयासरत योगी सरकार ने लखनऊ में अत्याधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब के निर्माण को गति देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस आधुनिक फॉरेंसिक साइंस लैब का निर्माण बेसमेंट समेत 7 मंजिला परिसर (बी+एस+5) के रूप में होगा। 87.50 करोड़ की लागत से 20,572.80 स्क्वायर मीटर बिल्ड अप एरिया में इसका निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। इस कार्य को पूरा करने का जिम्मा नियोजन विभाग के ईपीसी सेल को सौंपा गया है तथा डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट, आर्किटेक्चरल डिजाइन समेत विभिन्न रिपोर्ट्स की निर्धारण प्रक्रिया शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि यूपी स्टेट फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट द्वारा उपलब्ध कराए गई जमीन पर यह निर्माण प्रस्तावित है तथा रानीपुर रोड के जरिए लखनऊ-कानपुर हाइवे से इसे कनेक्ट किया जाएगा।

सीएम योगी के विजन अनुसार, भविष्य की जरूरतों के अनुसार इस फॉरेंसिक लैब का निर्माण किया जाएगा। चिह्नित क्षेत्र में निर्मित होने वाले परिसर चारबाग स्टेशन से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। यह सोलर पीवी इनेबल्ड होगा तथा अंडरग्राउंड टैंक, इंसीनरेटर, कंपोज्ड प्लांट, अकॉस्टिक वॉल पैनलिंग, गैस बेस्ड फायर फाइटिंग सिस्टम, डीजी सेट, इलेक्ट्रिक सब स्टेशन तथा हॉर्टिकल्चर समेत सौंदर्यीकरण के विभिन्न कार्यों को पूरा किया जाएगा।

विभिन्न कैपेसिटी की लिफ्ट, एचवीएसी वातानुकूलन, वीआरवी व वीआरएफ सिस्टम, आईपी बेस्ड ईपीबैक्स सिस्टम, आईपी बेस्ड सीसीटीवी सिस्टम तथा ऑडियो विजुअल सिस्टम से भी परिसर को युक्त किया जाएगा। यहां फॉरेंसिक लैब के निर्माण के साथ आपराधिक जांच समेत विभिन्न अन्वेषण प्रक्रियों में मदद मिलेगी। आधुनिक फॉरेंसिक लैब के निर्माण और विकास के लिए नियोजन विभाग के ईपीसी सेल ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसके लिए एक विस्तृत कार्ययोजना का निर्माण किया गया है। 18 महीने में सभी निर्माण व विकास कार्यों को पूरा करने की समयावधि तय की गई है। वहीं, निर्माण प्रक्रिया को पूरा करने के पूर्व एक डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई जाएगी जो मास्टर प्लान की तरह कार्य करेगा। मास्टर प्लान में आर्किटेक्चरल डिजाइन, टोपोग्राफी, साइट सर्वे, सब सॉयल सर्वे समेत विभिन्न रिपोर्ट्स का संकलन और निर्धारण होगा, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और 90 दिनों की समयावधि के बीच इस कार्य को पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है। देश के प्रतिष्ठित संस्थान जैसे कि आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर, आईआईटी रुड़की, आईआईटी बीएचयू तथा एनआईटी प्रयागराज जैसी संस्थाओं की रायशुमारी और अनुशंसा को भी फॉरेंसिक लैब के निर्माण में इस्तेमाल में लाया जाएगा।

# अचानक डीसीएम आने से अनियंत्रित होकर पलटा टेम्पो, 10 की मौत और पांच घायल

## सीएम योगी ने जताया शोक



**कानपुर।** बिल्हौर-कटरा स्टेट हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हैं। बताया जा रहा है कि अचानक डीसीएम के सामने आने से टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया है। हरदोई जिले के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में एक टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दस लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि पांच गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि हादसा रोशनपुर के पास बिल्हौर-कटरा स्टेट हाईवे पर हुआ है। यहां एक डीसीएम के अचानक सामने आने से टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू शुरू किया है। मिली जानकारी के अनुसार, रोशनपुर गांव के पास सामने से आ रहे डीसीएम के कारण टेम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। टेम्पो में सवार लोगों में से सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ दिया।

### मृतकों में पांच महिलाएं और दो बच्चियां और एक बच्चा शामिल

घटना में टेम्पो सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए है। मृतकों में पांच महिलाएं, दो बच्चियां, एक बच्चा और दो पुरुष शामिल हैं। घायलों और शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम भेजा गया है। घटना की जानकारी पर पुलिस अफसर घटनास्थल के लिए जिला मुख्यालय से रवाना हो गए हैं। वहीं, घटना के बाद से डीसीएम का चालक व हेल्पर मौके से फरार हो गए। पुलिस मृतकों की पहचान कराने की कोशिश में जुटी हुई है।

### सीएम योगी ने जताया दुख, अधिकारियों को दिए निर्देश

बिलग्राम क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे का सीएम योगी ने संज्ञान लिया है। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही, अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

## न्यूज डायरी

### पुलिस चेकिंग के दौरान स्कूटी के साथ चोर हुआ गिरफ्तार



**लोनी, करंट क्राइम।** ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान वाहन चोर गिरोह के एक सदस्य को चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसीपी सूर्यवली मौर्य ने बताया कि पुलिस टीम वाहन चेकिंग में मामूर थी कि इसी दौरान स्कूटी पर सवार एक व्यक्ति आ धमका। पुलिस ने उसे चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने सर्तकता से कुछ ही दूरी पर उसे धर दबोचा। पूछतांछ में स्कूटी चोरी की निकली तथा उसने अपना नाम कलीम पुत्र इदरीश निवासी गिरी मार्केट बताया। पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर वाहन चोर को जेल भेज दिया है।

### सांसद ने की रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक



मोदीनगर, करंट क्राइम। बागपत-मोदीनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान ने रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की, जिसमें शहर के रेलवे फाटकों को लेकर चर्चा की गई। सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान ने रेलवे बोर्ड के अधिकारियों के समक्ष सीकरी महामाया के पुल के प्रस्ताव, तिबडा रोड रेलवे फाटक पर दोपहिया व चार पहिया वाहनों के आवागमन में हो रही परेशानी व रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन फूट ओवरब्रिज को बड़ा करने को लेकर भी चर्चा की। बैठक में विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली व सभासद मोनू धामा आदि मौजूद रहे।

### घर का ताला तोड़ नकदी व आभूषण किये चोरी



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों की नकदी व सोने के जेवरात चोरी कर लिये। वारदात के समय पीड़ित परिवार अपने पैतृक गांव गया हुआ था। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दे पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। नगर की कृष्णापुरा कॉलोनी निवासी आशीष कुमार परिवार सहित रहते है। वह निजी कंपनी में नौकरी करके परिवार का लालन पालन करते है। आशीष कुमार गत 30 अक्टूबर को दीपावली की छुट्टी पर अपने पैतृक जनपद बिजनौर के गांव नूरपुर परिवार के साथ चले गए थे। आशीष मकान की चांबी अपने चपरासी को देकर गए थे। रात जब वह वापस आए तो यह देखकर हक्के बक्के रह गए कि उनके मकान के गेट का ताला टूटा पड़ा हुआ था। जब वह अंदर कमरे में गए तो तिजोरी का ताला भी टूटा पड़ा था। आशीष ने बताया कि चोर तिजोरी में रखे 1.25 लाख रुपए की नकदी ,सोने के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गये है। पीड़ित ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### वरिष्ट नागरिक संस्था को और अधिक सशक्त बनाने पर दिया बल

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** वरिष्ठ नागरिक संस्था ओर और अधिक सशक्त बनाने को लेकर संस्था की अहम बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दर्जनों वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लेते हुये अपने विचार व्यक्त कियें। यहां पुस्तकालय भवन में हुई मासिक बैठक में संस्था को और अधिक समाजोपयोगी बनाने पर मंथन हुआ। इस संबंध में कई सकारात्मक सुझाव भी आए। संस्था के मीडिया प्रभारी रकम सिंह दरोगा की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन सचिव रामकुमार गुप्ता सौमित्र ने किया। संरक्षक रामेश्वर दयाल गुप्ता ने दीपावली पर्व व कार्तिक पूर्णिमा गंगास्नान के धार्मिक आध्यात्मिक महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला। दरयाब सिंह राजपूत ब्रजकण, रकम सिंह, रामकुमार गुप्ता आदि के काव्य पाठ से वातावरण काव्यमय बन गया। रतन सिंह पुनिया ने कई सकारात्मक सुझाव दिए। अरूण जैन सहित अन्य बुजुर्गो का जन्मदिन मनाकर उनकी दीघार्यु की कामना की गई। इस अवसर पर वीरेंद्र गुप्ता, अशोक सिरोही, डॉ0 श्रद्धानंद शर्मा, एमएम शर्मा सहित अन्य कई बुजुर्ग मौजूद थे।

### गैंगस्टर एक्ट में वाछिंत प्रधान व उसकी पत्नि को भेजा जेल



मोदीनगर, करंट क्राइम। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर ग्राम प्रधान व उसकी पत्नी को गैंगस्टर एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। धोखाधडी कर षडयंत्र के तहत प्लॉट बेचकर वसूली करने का इस दम्पत्ति पर आरोप हैं। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गांव नहाली का प्रधान कामिल व उसकी पत्नि पूनम रानी गैंगस्टर एक्ट में वाछित चल रहे थे। बीती रात्री मुखबिर की सूचना पर दोनों को गांव से ही गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि दम्पति ने धोखाधड़ी के तहत कई लोगों के साथ फजीर्वाड़ा कर प्लॉट बेचकर धन कमाया ओर तो ओर षडयंत्र के तहत किसी के मकान पर भी कब्जा किया था। दम्पति के इस कारनामें पर पुलिस में रिपोर्ट भी दर्ज हुई थी। दोनों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट में कार्यवाही की गयी ओर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं।

# यमुना किनारे छठ पूजा की इजाजत देने से हाईकोर्ट का इनकार



'ऐसे जहरीले पानी में नहाने से बीमार पड़ सकते हैं',

**नई दिल्ली।** हाई कोर्ट ने यमुना नदी के घाट के किनारे छठ पूजा करने को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि यमुना नदी के किनारे पूजा करने की जगह अन्य घाटों और निर्धारित स्थानों पर पूजा की जा सकती है। दिल्ली हाई कोर्ट ने यमुना नदी में छठ पूजा करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। हाई कोर्ट ने यमुना नदी के घाट के किनारे छठ पूजा करने को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया। अदालत में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई थी जिसमें यमुना नदी के तट पर उत्सव मनाने पर प्रतिबंध लगाने के सरकार के फैसले को चुनौती दी गई थी।

अदालत ने कहा कि यमुना नदी के किनारे पूजा करने की जगह अन्य घाटों और निर्धारित स्थानों पर पूजा की जा सकती है। अदालत ने कहा कि यह प्रतिबंध संभवतः यमुना नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर के कारण लगाया गया है और चेतावनी दी कि ऐसे जहरीले पानी में नहाने से लोग बीमार पड़ सकते हैं।

### '1000 स्थानों पर छठ पूजा की व्यवस्था'

दिल्ली में सरकार की तरफ से बनवाए गए एक हजार से अधिक घाट पर टेंट, लाइट्स, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि सभी चीजों का इंतजाम किया गया है। साथ ही बहुत से घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया है ताकि श्रद्धालु खुशी, सुकून और उल्लास के साथ आस्था के महापर्व छठ को मना सकें।

# महाकुंभ 2025 : पूरे शहर में सड़कों को बनाया जा रहा बेहतर, संगम जाने में होगी आसानी



**प्रयागराज।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुंभ 2025 को लेकर प्रयागराज में निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं। महाकुंभ के आयोजन को लेकर पूरे शहर में सड़कों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य जोरों पर हैं। ऐसे में महाकुंभ के केंद्रीय स्थल संगम की ओर जाने वाली सड़कों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी अंतिम चरण में है। इसे 30 नवंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि पीडीए और छावनी परिषद के सहयोग से शहर से संगम को जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण कार्य 30 नवंबर तक पूरा हो जाएगा। श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के मुताबिक मेला क्षेत्र की सभी सड़कें पिछले कुंभ की तुलना में दोगुनी से ज्यादा संख्या में चौड़ी की जा रही हैं। महाकुंभ 2025 का सफल आयोजन सीएम योगी की प्राथमिकता है। ऐसे में यूपी सरकार इसके आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रही है। महाकुंभ 2025 में लगभग 40 करोड़ लोगों के प्रयागराज आने का अनुमान है, जो पिछले कुंभ मेले की तुलना में डेढ़ से दो गुना है। सड़कों का चौड़ीकरण भी उसी अनुपात में किया जा रहा है। महाकुंभ में प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं का मुख्य गंतव्य स्थल त्रिवेणी संगम है। त्रिवेणी संगम को शहर से जोड़ने वाली सभी सड़कों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि शहर से संगम जाने वाली त्रिवेणी रोड, लाल सड़क, काली सड़क, नवल राय रोड, किला घाट रोड और दारागंज रोड के चौड़ीकरण का कार्य 30 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। श्रद्धालुओं की संख्या के अनुमान के मुताबिक सभी सड़कों की क्षमता को दोगुना किया जा रहा है। साथ ही सड़कों के दोनों ओर इंटरलॉकिंग फुटपाथ भी बनाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। प्रयागराज जंक्शन से संगम को जोड़ने वाली त्रिवेणी रोड और दारागंज की रिवर फ्रंट रोड का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है, जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र की सड़कें छावनी परिषद के अधिकार क्षेत्र में आती हैं। इन सड़कों का निर्माण और चौड़ीकरण का कार्य पीडीए व छावनी परिषद के सहयोग से हो रहा है। साथ ही किला घाट और हनुमान मंदिर के आगे संगम नोज तक जाने वाली इंटर लॉकिंग सड़कें भी दोगुनी चौड़ी की जा रही हैं। इनका निर्माण कार्य भी 30 नवंबर तक पूरा हो जाएगा। सड़क के किनारे और मुख्य चौराहों पर होर्डिंग व साइन बोर्ड के जरिए श्रद्धालुओं को मेले के मुख्य दर्शनीय स्थलों के बारे में सभी जरूरी सूचनाएं दी जाएगी।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में नया भारत बन रहा है : नायब सैनी



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को ओलंपिक 2036 की मेजबानी में भारत की रुचि और हरियाणा कांग्रेस में कलह सहित अन्य मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी। भारत ने साल 2036 में होने वाले ओलंपिक की मेजबानी में रुचि दिखाते हुए अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति को पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री सैनी से इस संबंध में कहा, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक नया भारत बन रहा है। जी-20 पहली बार भारत में आयोजित किया गया जिसमें बड़े-बड़े देशों ने भाग लिया। ओलंपिक की मेजबानी का अवसर हमें मिलेगा तो यह हमारे लिए गर्व की बात होगी। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि जब हम आजादी की 100वीं सालगिरह मना रहे होंगे तब भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन चुका होगा। इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे और इसमें हरियाणा की भागीदारी भी होगी। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस भ्रष्टाचार में फंसी हुई है। कांग्रेस के ऊपर लोगों ने विश्वास नहीं किया क्योंकि कांग्रेस की जो नीतियां हैं वह लोगों के हित में नहीं हैं। भाजपा को तीसरी बार हरियाणा की जनता ने भारी बहुमत दिया है। हम हरियाणा के विकास को बढ़ाने के लिए काम करेंगे। कांग्रेस के कई नेताओं ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार के लिए हुड्डा परिवार को जिम्मेदार ठहराया है। इस पर मुख्यमंत्री सैनी ने कहा, कांग्रेस परिवारवाद में फंसी हुई पार्टी है। कांग्रेस खत्म हो रही है। रॉबर्ट वाड्रा पर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, कोर्ट के अंदर रॉबर्ट वाड्रा का केस चल रहा है। जो कोर्ट का फैसला होगा वह सबको मान्य होगा। पराली जलाने को लेकर उन्होंने कहा, हमने पहले भी किसानों से अपील की थी कि वे पराली न जलाएं। इससे प्रदूषण होता है और पर्यावरण को भी नुकसान होता है।

# राज्य के विशेष दर्जा बहाली के प्रस्ताव पर विधानसभा में हंगामा, भाजपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस में हुई तकरार



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में राज्य के विशेष दर्जा बहाली के प्रस्ताव पर भाजपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के बीच तकरार हुई, सदन में हंगामा हुआ और प्रस्ताव पारित होने के बाद सदन को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आज एक बड़े राजनीतिक हंगामे का दृश्य तब देखा गया, जब उपमुख्यमंत्री सुरिंदर कुमार चौधरी ने राज्य के विशेष दर्जे की बहाली के लिए केंद्र सरकार से बातचीत करने के प्रस्ताव का समर्थन करने हेतु एक प्रस्ताव पेश किया। हालांकि, यह प्रस्ताव विधानसभा में भारी हंगामे का कारण बना, जिसमें भाजपा और अन्य विपक्षी दलों के बीच तीखी नोकझोंक हुई।

### नेशनल कांफ्रेंस और भाजपा के बीच तीखी बहस

उपमुख्यमंत्री सुंदर चौधरी ने विधानसभा में यह प्रस्ताव पेश किया कि जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा फिर से बहाल किया जाए और इसके लिए केंद्र सरकार से वार्ता की जाए। वहीं, भाजपा ने इस प्रस्ताव का विरोध करते हुए इसे कानूनी दृष्टिकोण से अमान्य बताया और कहा कि 2019 में अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद यह प्रस्ताव कोई वैधानिक ताकत नहीं रखता। भाजपा के नेता और विधानसभा में विपक्षी नेता सुरिंदर चौधरी ने इस प्रस्ताव को खारिज करते हुए कहा कि यह किसी कानूनी आधार पर नहीं है, क्योंकि राज्य का विशेष दर्जा खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि यह कदम देशविरोधी एजेंडा को बढ़ावा देने जैसा है।

### विधानसभा में हंगामा, नारेबाजी

प्रस्ताव के समर्थन में नेशनल कांफ्रेंस पीडीपी और आम आदमी पार्टी के विधायक आ गए, जबकि भाजपा और जम्मू के कुछ अन्य नेताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के विधायक वेल में जाकर 'पांच अगस्त जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' जैसे नारे लगा रहे थे। वहीं जम्मू के कुछ नेता 'कश्मीर हमारा है' और 'जो कश्मीर को खून से सींचा, वो कश्मीर हमारा है' जैसे नारों के साथ उपस्थित थे। सभा में बवाल बढ़ते हुए स्पीकर को हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने कहा, एक-एक करके बोलिए, अगर आप बहस नहीं करना चाहते तो मैं वोटिंग करवाऊंगा। इसके बाद, शोर-शराबा बढ़ने पर सदन को 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया।

### कश्मीरी नेताओं ने की जोरदार प्रतिक्रिया

नेशनल कांफ्रेंस के एक नेता ने कहा जम्मू और कश्मीर की यह भूमि हमारे खून से सींची गई है, और यह कभी भी देश से अलग नहीं होगा। हम केवल विशेष दर्जे की बहाली की मांग कर रहे हैं, न कि कोई स्वतंत्रता की। वहीं भाजपा के नेताओं ने 'देश विरोधी एजेंडा' को चुनौती दी और पाकिस्तान समर्थक नारेबाजी के खिलाफ आवाज उठाई।

# लड़की ने 9वीं मंजिल से छलांग लगाई, मौत:घर पर बोली- इमोमोज खाने जा रही हूं, आखिरी बार दौड़कर लिफ्ट में जाती दिखी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में एक युवती ने नौवीं मंजिल से कूद कर अपनी जान दे दी। युवती अपने घर में मोमोज खाने को कह कर निकली थी। इसके बाद दौड़कर नील पदम कुंज सोसाइटी की लिफ्ट में चढ़ गई। नौवीं मंजिल पर पहुंचकर छलांग लगा दी। लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल भेजा, मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

बताया जा रहा है कि जब वह अपने घर से भाग कर आ रही थी तो उसके पीछे पिता भी दौड़ कर आ रहे थे। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि शायद घर में कोई बात हुई होगी, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठा लिया। लिफ्ट में दो डिलीवरी ब्वॉय भी थे। उनका कहना है कि वह तनाव में थी। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही सोसाइटी के कैमरों की फुटेज और डीबीआर को पुलिस अपने साथ ले गई है। गाजियाबाद के थाना कौशांबी क्षेत्र के नील पदम कुंज सोसाइटी की नौवीं मंजिल से कूद कर 20 वर्षीय मोहिनी ने जान दे दी। सोसाइटी के आरडब्लूए अध्यक्ष अंशुल ने बताया की मोहिनी सोसाइटी के चार फ्लैट में मेड का काम करती थी। वह अपने मां-पिता के साथ पास ही स्थित बुद्ध विहार कॉलोनी में रहती थी। अंशुल के मुताबिक मोहिनी रात कभी करीब 8:30 बजे दोबारा से सोसाइटी में इंटर हुई। इसके बाद दौड़कर लिफ्ट में चढ़ गई। उसके पिता उसके पीछे दिख रहे थे। लिफ्ट में उसके साथ दो डिलीवरी ब्वॉय थे।

### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी

मोहिनी लिफ्ट से सीधे नौवीं मंजिल पर पहुंची और वहां से कूद गई। आनन फानन में एंबुलेंस से उसे अस्पताल भिजवाया गया। जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना अध्यक्ष कौशांबी सर्वेश कुमार ने बताया कि पुलिस को एक युवती की आत्महत्या की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस सीसीटीवी खंगाल रही है साथ ही परिवार से बात कर रही है। अभी तक आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। मोहिनी के पिता जहां सिक्योरिटी गार्ड हैं। वही मां हाउसवाइफ हैं। भाई रिक्शा चलाता है। यह मूल रूप से सीतापुर के रहने वाले हैं।

# यमुना के प्रदूषण के लिए दिल्ली सरकार सबसे ज्यादा जिम्मेदार : संदीप दीक्षित

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने बुधवार को यमुना की सफाई नहीं किए जाने को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की दिल्ली सरकार पर निशाना साधा। संदीप दीक्षित ने कहा, छठ पूजा का पर्व शुरू हो चुका है। लेकिन, इस बीच यमुना नदी का प्रदूषण जस का तस बना हुआ है। यमुना का जो हाल आजकल है, वह अभूतपूर्व है। इसमें दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार दोनों की जिम्मेदारी है, क्योंकि यमुना केवल दिल्ली में ही प्रदूषित नहीं हो रही, बल्कि प्रदूषण नियंत्रण में दोनों का हस्तक्षेप जरूरी है।


## Lost and found

I am Mohit Abhishek Singh, son of Mr. Emmanual Julius Singh, Resident of flat no. 1280 tower Mahagunpuram Narmada Nh, 24 Ghaziabad, UP. My third year marksheet (Shuat university)year 2018 whose enrollment number is G - 1155103126 is actually lost somewhere, its use by anyone else will be considered illegal.

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद
विकास पथ गाजियाबाद

### सार्वजनिक नोटिस

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक/आवेदकों ने नीचे सारणी के स्तम्भ-3 में उल्लिखित सम्पत्ति, जो प्राधिकरण की आवासीय योजना के अन्तर्गत स्थित है, का अंतरण / नामान्तरण अपने नाम कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है:-

| क्रम सं0 | आवंटी/ पटट्रेदार का नाम | भूखण्ड सं0 /योजना का नाम | आवेदक का नाम | आवेदक का पता एवं दूरभाष संख्या | नामान्तरण का आधार | पट्टाकृत /पूर्ण स्वामित्व युक्त सम्पत्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | श्रीमती कुमुद गुप्ता पत्नी श्री अखिलेश कुमार गुप्ता | A-170, गोविन्दपुरम | श्री अखिलेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता | A-170, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद 8527484914 | आवंटी श्रीमती कुमुद गुप्ता की मृत्यु दिनांक 13.08.2023 को होने के कारण | फ्री.होल्ड |

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त भूखण्ड के अन्तरण / नामान्तरण के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्तियां सहायक दस्तावेजों सहित इस नोटिस के प्रकाशित किये जाने के दिनांक से 30 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते है, अन्यथा स्तम्भ-4 में अंकित व्यक्ति के नाम से सम्पत्ति का अन्तरण / नामान्तरण प्राधिकरण के अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा और कोई पश्चातवर्ती दावा, यदि कोई हो, ग्रहण नही किया जायेगा।

सहा0 प्रभारी सम्पति
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद।





# शहर उपचुनाव को लेकर भाजपा का हो गया ऑपरेशन चक्रव्यूह तैयार

## हर बूथ पर होगी सभा और हर घर पर कार्यकर्ता देगा दस्तक और बढ़ेगा मतदान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधानसभा उपचुनाव को भाजपा हल्के में नहीं ले रही। बड़ी बात ये है कि भाजपा का नारा हमेशा से ये रहा है कि उसका प्रत्याशी कमल का फूल होता है। यहां कमल का फूल चुनाव लड़ता है, कमल का फूल वोट मांगता है, कमल का फूल वोट देता है, कमल का फूल प्रचार करता है और कमल का फूल ही वोट देने जाता है। भाजपा की सबसे बड़ी चुनौती संभावित धीमा मतदान माना जा रहा है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि भाजपा ने शहर विधानसभा उपचुनाव में ऑपरेशन चक्रव्यूह तैयार किया है और यहां वो एक बड़ी तैयारी के साथ आ रही है। इस तैयारी में भाजपा के याद्धाओं में स्वयं मुख्यमंत्री कमान संभालेंगे तो हर गली, हर मौहल्ले में भाजपा का कार्यकर्ता तैयार मिलेगा। किस तरह से वोट को ईवीएम पर लाना है इसका ब्लूप्रिंट तैयार हो गया है। भाजपा का पूरा सामरिक खाका बन चुका है। जहां भाजपा एक सोची समझी रणनीति के तहत आ रही है। उसके सांसद, विधायक, मंत्री और खुद उम्मीदवार भी संगठन अध्यक्ष के रूप में मोर्चा संभालेंगे। सूत्र बताते हैं कि यहां भाजपा की सबसे बड़ी रणनीति अपने वोट को अधिक से अधिक संख्या में ईवीएम तक लेकर आना है।




### 200 सभाएं करेंगे खुद भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा



**करंट क्राइम।** भाजपा की रणनीति है, सभी को टास्क सौंप दिये गये हैं। इस सूची में खुद भाजपा उम्मीदवार संजीव शर्मा का नाम भी शामिल है। ऐसा नहीं है कि केवल दिये गये चार्ट के मुताबिक उन्हें वोट मांगने हैं। उनका किस क्षेत्र में कहां फोकस रहेगा ये भी रणनीति का हिस्सा है। सूत्र बताते हैं कि भगवा कमांडर के नाम से मशहूर भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा को अपने विधानसभा क्षेत्र में 200 मीटिंग करनी हैं।

### सांसद अतुल गर्ग का दावा कुल मतदान का मिलेगा 65 प्रतिशत वोट और खिलेगा कमल



**करंट क्राइम।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने करंट क्राइम से बातचीत की और चुनावी मुद्दों पर अपनी राय रखी। अतुल गर्ग इसी सीट से लगातार दो बार विधानसभा का चुनाव जीते हैं वो इस विधानसभा की सियासी नब्ज को जानते हैं। वो यहां भोगौलिक स्थितियों से परिचित हैं। सामाजिक व्यवस्था को जानते हैं और मतदाता का मनोविज्ञान जानते हैं। यहां वो एक बड़े पथ प्रदर्शक के रूप में काम कर रहे हैं। करंट क्राइम से बातचीत में अतुल गर्ग संभावित धीमे मतदान को लेकर कहीं से कहीं तक चिंतित नजर नहीं आए। उन्होंने दावा किया कि यहां कुल पड़े वोटों का 60 से 65 फीसदी वोट भाजपा को मिलेगा। अतुल गर्ग ने उम्मीद जताई और कहा कि जितने धीमे मतदान की उम्मीद लगाई जा रही है उतना धीमा मतदान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शहर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 40 से 45 प्रतिशत के बीच मतदान होगा और यहां कमल खिलेगा।

### हर कार्यकर्ता के हिस्से में आए 50 घर जहां देनी है दस्तक

**करंट क्राइम।** मतदान हो और वो मतदान भाजपा के पक्ष में हो इसके लिए भाजपा ने ऑपरेशन मतदाता तैयार किया है। यहां उसने अपने कार्यकताओं की फौज को लगा दिया है। बताया जाता है कि हर वार्ड में कार्यकर्ता लगाए गए हैं और जितने भी वोट हैं उस हिसाब से ड्यूटी लगी है। हर कार्यकर्ता के चुनावी चार्ट में 50 घर आवंटित किये गये हैं। इस पर काम शुरू हो गया है। हर कार्यकर्ता को अपने हिस्से के आवंटित 50 घरों में लगातार दस्तक देनी है। उसे मतदान के दिन ये सुनिश्चित करना है कि वह अपने हिस्से के आवंटित 50 घरों के मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लेकर आए।

### बूथ सम्मेलन के साथ होना है सीएम योगी का भी रोड शो

**करंट क्राइम।** भाजपा अपने देवतुल्य कार्यकर्ता से लेकर फायरब्रांड नेताओं को उपचुनाव मे ले आई है। सीएम योगी आदित्यनाथ 8 तारीख को पन्ना प्रमुख सम्मेलन में आएंगे और सूत्र बताते हैं कि केवल यहीं तक सीएम की दखल नहीं रही वो कार्यकताओं से रूबरू होने के बाद जनता के बीच भी आएंगे। बताया जाता है कि चुनाव प्रचार में अभी सीएम योगी आदित्यनाथ का रोड शो भी होगा। यह रोड शो लाइनपार इलाके में हो सकता है।

### सिलेक्टिव बूथों पर है भाजपा का पूरा फोकस

**करंट क्राइम।** भाजपा की चुनावी रणनीति में उन बूथों को बाहर कर दिया गया है जिन बूथों की भाजपा के लिये कोई चुनावी उपयोगिता नहीं है। जिन बूथों पर भाजपा को वोट नहीं मिलता है भाजपा वहां अपनी ऊर्जा नहीं लगा रही। सूत्र बताते हैं कि शहर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 506 बूथ हैं लेकिन भाजपा ने यहां केवल 425 बूथों पर अपनी ऊर्जा लगाई है। वो इन बूथों पर फोकस कर रही है। उन बूथों पर ज्यादा फोकस है जहां से भाजपा का ज्यादा वोट आता है।

### दो हजार कार्यकर्ताओं की फौज रहेगी मतदान के दिन पूरी तरह तैयार

**करंट क्राइम।** भाजपा बूथ और यूथ का गणित साधकर चल रही है। उसने सभी बूथों पर कार्यकताओं को लगाया है और किसान मोर्चा से लेकर ओबीसी मोर्चा तक पूरी रणनीति बनी है। अनुसूचित जाति मोर्चा भी कमान संभालेगा। बताया जाता है कि लगभग दो हजार कार्यकर्ता मतदान के दिन सुबह से तैनात रहेंगे और ये कार्यकर्ता मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लेकर आएंगे।

---

## जनरल वीके सिंह पहुंचेंगे छठ घाट पर और बरसाएंगे फूल

# आज 77 घाटों पर होगी हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूरबी संस्था ने छठ महोत्सव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को मुख्य अतिथि बनाया है। उन्होंने जनरल वीके सिंह के लिये हैलीकॉप्टर का इंतजाम कराया है। जनरल वीके सिंह आज 77 घाटों पर हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करेंगे। ये एक रौचक नजारा होगा जब छठ घाट पर उमड़ी भीड़ पर आसमान से पुष्प वर्षा होगी। उनके रूट चार्ट में 77 घाट रखे गए हैं। बताया जाता है कि वह हिंडन घाट पर लगभग साढ़े तीन बजे पहुंचेंगे और यहां वो छठ व्रतियों पर पुष्प वर्षा करेंगे। इसके अलावा कई अन्य ऐसे स्थान भी उनके चार्ट में हैं जहां हैलीकॉप्टर नहीं जा सकता लेकिन सड़क मार्ग से जनरल वीके सिंह पहुंचेंगे।

# गाजियाबाद की सबा ने यूएस काउंटी बोर्ड का चुनाव जीता



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद की बेटी सबा हैदर अमेरिका में ड्यूपेज काउंटी बोर्ड का चुनाव जीत गई हैं। उन्होंने रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवार पैटी गुस्टिन को करीब 8500 वोटों से हराया है। सबा हैदर मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी से उम्मीदवार थीं। उनकी जीत पर गाजियाबाद और बुलंदशहर में खुशी का माहौल है। सबा हैदर का परिवार मूल रूप से बुलंदशहर जिले में कस्बा औरंगाबाद का रहने वाला है। फिलहाल ये परिवार गाजियाबाद के विजयनगर इलाके में रहता है। सबा के पिता अली हैदर जल निगम से रिटायर अभियंता हैं और मां महजबीं हैदर गाजियाबाद में एक स्कूल चलाती हैं।

पिता बोले- बेटी ने बोलचाल से लोगों का दिल जीता बेटी की जीत के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पिता अली हैदर ने कहा- आई एम फीलिंग प्राउड। मेरी बेटी इंटेलिजेंट है। इसमें कोई दो राय नहीं। हमारी दुआएं रहीं। सबका आशीर्वाद रहा। अमेरिका में उसे कुछ दोस्त ऐसे मिले, जिन्होंने पॉलिटिक्स के लिए प्रेरित किया। दो बार नाकामयाबी मिली। तीसरी बार उसको सफलता मिली। बेटी ने मेहनत से मुकाबला किया। अपनी बोलचाल से लोगों का दिल जीता। बेटी के सामने जो उम्मीदवार था, वो 28 साल से राजनीति में था। 9 लाख वोटर थे। उन्हें कन्वेंस करना, डोर-टू-डोर जाना...ये सब काफी मेहनत वाला काम था। अमेरिका में 15 साल से योग को बढ़ावा दे रहीं सबा सबा हैदर ने 12वीं की पढ़ाई गाजियाबाद के होली चाइल्ड स्कूल से की। राम चमेली देवी गर्ल्स कॉलेज से टॉप किया।

# शालीमार गार्डन पुलिस ने पकड़ा लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी देने वाला आरोपी

## पहले फेसबुक पर था रवि पांचाल का फैन, बाद में फोन ब्लॉक करने पर हुआ था नाराज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने मूलरूप से यूपी हरदोई और वर्तमान में गुजरात के गांधीनगर में एक फैक्ट्री में बोरों की सिलाई का काम करने वाले 19 साल के दीपू नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इसने 31 अक्टूबर को अपने दोस्त के मोबाइल फोन से गाजियाबाद विधानसभा उपचुनाव में प्रत्याशी रवि कुमार पांचाल को फोन कॉल करके लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बना कर धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है लेकिन इसके पीछे की कहानी बेहद दिलचस्प है। पुलिस का दावा है कि रवि कुमार पांचाल के फेसबुक पर पकड़ा गया आरोपी दीपू लंबे समय से उसकी वीडियो और फोटो लाइक करता था और कमेंट करता रहता था। करीब दो महीने पहले दीपू ने रवि पांचाल को फोन किया, तो रवि पांचाल ने उससे नाराज होकर उसका नंबर को ब्लॉक कर दिया और वहीं से दीपू के दिल में रवि पांचाल के लिए नफरत पैदा हो गई थी।

### आरोपी बोला फोन किया था ब्लॉक, इसलिए की थी धमकी वाली कॉल



**करंट क्राइम।** एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया है कि पुलिस ने आरोपी दीपू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस पूछताछ में शालीमार गार्डन थानाध्यक्ष नरेंद्र को दीपू ने बताया कि करीब दो महीने पहले रवि पांचाल ने उसका फोन ब्लॉक कर दिया था। तब से वह रवि पांचाल से नफरत करने लगा था। उसने अपने फोन से कई बार फोन किया लेकिन ब्लॉक होने की वजह से कॉल नहीं जाती थी। इसके बाद उसने 31 अक्टूबर की रात को अपने दोस्त विपिन पाल के मोबाइल नंबर से रवि पांचाल को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बना कर धमकी वाला कॉल किया था।

---

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा क्यों हो गए पुष्प वर्षा की बात पर कूल

### कहा अगर हमें भी मिल जाए हैलीकॉप्टर तो हम भी बरसाएंगे छठ घाट पर फूल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** छठ का सबसे बड़ा मेला साहिबाबाद विधानसभा में लगता है। खोड़ा से लेकर इंदिरापुरम तक छठ की धूम रहती है। हिंडन नदी के तट पर छठ की अलग ही छटा होती है। सुनील शर्मा सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और यहां से विधायक हैं। उनकी विधानसभा में आज पूर्व लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह हैलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा करेंगे। इस हैलीकॉप्टर में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा नहीं रहेंगे। इस हैलीकॉप्टर मे लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी नहीं रहेंगे। सुनील शर्मा हमेशा से छठ घाट पर पहुंचते हैं और छठ व्रतियों का सम्मान करते हैं।

हैलीकॉप्टर सवार को लेकर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि वो तो सड़क मार्ग से जाते हैं। करंट क्राइम ने उन्हें बदली हुई राजनीतिक तस्वीर की बात बताई। उन्हें याद दिलाया कि अब वो केवल विधायक नहीं हैं अब वो सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। अब लोकसभा सांसद अतुल गर्ग हैं तो ऐसे में आप भी अपने क्षेत्र की जनता पर हैलीकॉप्टर से फूल बरसा सकते हैं। जनता अपने सांसद और कैबिनेट मंत्री को हैलीकॉप्टर से फूल बरसाते हुए देखना चाहती है। इस सवार के जवाब में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैं तो लंबे समय से सड़क मार्ग से ही अभिवादन करने जाता हूं।

मैंने बाइक से स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि ना तो हैलीकॉप्टर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के पास है और ना ही हैलीकॉप्टर मेरे पास है। जिनके पास हैलीकॉप्टर है वो हैलीकॉप्टर से फूल बरसाएंगे हम तो बाइक से जाते हैं, लेकिन जब सुनील शर्मा को याद दिलाया गया कि अब वो सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं, अतुल गर्ग अब लोकसभा सांसद हैं इस पर सुनील शर्मा ने कहा कि अगर हैलीकॉप्टर की व्यवस्था होगी तो हम भी हैलीकॉप्टर से ही फूल बरसाएंगे। वैसे हम तो सड़क मार्ग से ही जांएगे और जमीन पर रहकर ही छठ व्रतियों पर फूल बरसाएंगे।

# जब अमन यादव के घर पर पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव

## कार्यकर्ता के परिवार के लिए हो गया यादगार दिन, जब नन्ही बिटिया से बोले अखिलेश हम तुम्हारे मामा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कुछ घटनाएं राजनीति में यादगार होती हैं और ये घटनाएं हमेशा किसी परिवार की यादों में बस जाती हैं। राजनीति में कौन बड़े नेता किस कार्यकर्ता के घर गए ये याद रखा जाता है। कार्यकर्ता के घर जाने का एक मैसेज होता है। अखिलेश यादव समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष है और वो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं और सपा में उनकी जबरदस्त टीआरपी है। वो जानते हैं कि समर्थक कैसे कमाए जाते हैं। ये गुण उन्हें अपने पिता स्व. मुलायम सिंह यादव से विरासत में मिले हैं। ह्ये जवानी है कुर्बान अखिलेश भैया तेरे नामह्ल के नारे ऐसे ही नहीं लगते हैं। अखिलेश यादव कार्यकर्ता का मान बढ़ाते हैं और यही वजह है वो टीआरपी के बादशाह कहलाते हैं।

इंपीरियल फार्महाउस सपा सम्मेलन के बाद अखिलेश यादव सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय महासचिव अमन यादव के आवास पर पहुंचे। एक कार्यकर्ता के लिये यह पल किसी स्वप्न से कम नहीं था। अखिलेश यादव कैसे पहुंचे और क्या मुलाकात हुई इसको लेकर दैनिक करंट क्राइम ने अमन यादव से ही बात की। अमन यादव पिछले पंद्रह साल से समाजवादी की युवा राजनीति कर रहे हैं। स्थानीय टीम से राष्ट्रीय टीम तक का सफर तय किया है। करंट क्राइम ने जब पूछा की राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का कैसे आना हुआ तो अमन यादव के



शब्दों में ही खुशी झलकती दिखाई दी। उन्होंने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता का राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इतना बड़ा कद बढ़ा दिया है कि मैं और मेरा परिवार इस पल को कभी नहीं भूल सकते। मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता के घर आकर उन्होंने मेरा सपना पूरा किया है।

घर आने की भूमिका कैसे बनी को लेकर अमन यादव ने ही कहा कि मैं जब भी लखनऊ जाता था और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मेरी मुलाकात होती थी तो मैंने हमेशा उनसे ये निवेदन किया कि आप कभी मेरे घर आइए। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव इतने बड़े दिल के नेता हैं। उन्होंने कभी मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को मना नहीं किया और हर बार ये कहा कि जब कभी गाजियाबाद आएंगे तो तुम्हारे यहां आएंगे। इस तरह उन्होंने कार्यकर्ता से किया वादा पूरा किया और सबसे बड़ी बात ये है कि जब अखिलेश यादव उनके घर पहुंचे तो वहां अमन यादव की छोटी सी बिटिया भी मौजूद थी। अमन यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अपने दिल की बात बताई और कहा कि मैं जब कभी बाहर जाता था तो मेरी बेटी हमेशा कहती थी कि पापा अखिलेश मामा के यहां गए हैं। इतना सुनते ही अखिलेश यादव मुस्कुराए और उन्होंने बिटिया के साथ फोटो भी खिंचवाए और कहा कि आज से हम तुम्हारे मामा हैं।



### जब अमन यादव को दे दिया अखिलेश यादव ने ऐसे सरप्राइज

**करंट क्राइम।** अमन यादव की सपा की राजनीति में हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि अमन का परिवार राजनीतिक परिवार नहीं है। अमन यादव को अखिलेश यादव ने हर बार यही कहा कि जब गाजियाबाद आएंगे तो तुम्हारे यहां भी आएंगे। जब अमन यादव को पता चला कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का कार्यक्रम गाजियाबाद आने का बन रहा है तो उन्होंने एक बार फिर से निवेदन किया और अखिलेश यादव ने कुछ नहीं और सिर्फ इतना कहा कि देखेंगे। अमन यादव को नहीं पता था कि उसे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सरप्राइज देने वाले हैं। अमन ने बताया कि उनके पास सुबह फोन आया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव आपके घर आएंगे। अमन यादव को यह बात सुनकर यकीन ही नहीं हुआ लेकिन जब अखिलेश यादव उनके घर पहुंचे तो वो भावविभोर हो गए क्योंकि वास्तव में अखिलेश यादव ने अपने कार्यकर्ता का मान बढ़ाया और उसके सपने को पूरा किया और एक तरह से सरप्राइज दिया।

## संपादकीय

# कोयला पर घटती निर्भरता

शेष विश्व की तरह भारत भी बिजली उत्पादन के लिए लंबे समय से कोयले पर निर्भर रहा है. तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन भी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति का बड़ा आधार रहे हैं. ये स्रोत बड़े पैमाने पर प्रदूषण के कारण रहे हैं. कोयले के खनन और ढुलाई से भी पर्यावरण को नुकसान होता है तथा तेल एवं गैस की खरीद पर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है. देश में गैस और तेल उत्पादन से भी अनेक समस्याएं पैदा होती हैं. पर स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में बढ़ोतरी से इनके उपयोग में उत्साहजनक कमी आने लगी है. साल 1966 के बाद यानी लगभग छह दशकों में पहली बार ऐसा हुआ है कि बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से नीचे आयी है. इस वर्ष जनवरी से मार्च की अवधि में देश में 13,669 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता जोड़ी गयी है, जो एक रिकॉर्ड है. इस क्षमता में स्वच्छ ऊर्जा का हिस्सा 71.5 प्रतिशत है।

स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में भारत दुनिया के अग्रणी देशों में है. इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि भारत सरकार ने 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों के योगदान को 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया था. उस समय सीमा से पहले ही इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ठोस आधार तैयार हो रहा है. यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि हमें अपनी विकास आकांक्षाओं तथा बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए ऊर्जा की बड़ी आवश्यकता है. इस कारण जीवाश्म ईंधनों पर हमारी निर्भरता स्वाभाविक है तथा अभी कई वर्षों तक हमें उनकी जरूरत है. फिर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जलवायु संकट के समाधान के लिए स्वच्छ ऊर्जा को प्राथमिकता दे रहे हैं. यह बड़े संतोष की बात है कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी कोयले के इस्तेमाल का अनुपात घटता जा रहा है।

जी-7 के देशों में पिछले साल कोयले की मांग 1900 के बाद सबसे कम रही. समूह में शामिल विकसित देशों ने बीते माह 2035 तक कोयले से बिजली उत्पादन को पूरी तरह बंद करने का संकल्प लिया है. धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित रखने के लिए उत्सर्जन अत्यंत निम्न स्तर पर लाना जरूरी है. इस दिशा में यह वर्ष बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है. इस प्रक्रिया में भारत विश्व के समक्ष एक आदर्श उदाहरण के रूप में स्थापित हुआ है. सरकार स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए जहां आम लोगों को प्रोत्साहित कर रही है तथा घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए सहयोग कर रही है, वहीं बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए बड़ी परियोजनाओं को भी साकार किया जा रहा है।

# ग्लोबल क्लीन टेक मार्केट 2035 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगा : आईईए



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी द्वारा किए गए एक अध्ययन में कहा गया है कि क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी का वैश्विक बाजार 2023 में 700 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2035 तक 2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो जाएगा। क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी में सौर पीवी, पवन टर्बाइन, इलेक्ट्रिक कार, बैटरी, इलेक्ट्रोलाइजर और हीट पंप के वैश्विक बाजार में यह बढ़ोतरी देखी जाएगी। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी (आईईए) की ऊर्जा प्रौद्योगिकी परिप्रेक्ष्य 2024 (ईटीपी-2024) रिपोर्ट क्लीन एनर्जी टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के भविष्य का विश्लेषण प्रदान करती है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन, यूरोपीय संघ, संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश किया है। ये सभी देश इस बड़े व्यापारिक अवसर से भविष्य में लाभ लेंगे। आईईए का कहना है कि क्लीन टेक्नोलॉजी में वैश्विक व्यापार में तेजी से वृद्धि होने की उम्मीद है और एक दशक में यह तिगुने से अधिक बढ़कर 575 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा, जो आज प्राकृतिक गैस के वैश्विक व्यापार से 50 प्रतिशत अधिक है। 2023 में क्लीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग में वैश्विक निवेश 50 प्रतिशत से बढ़कर 235 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया।

2023 में क्लीन टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग निवेश का 80 प्रतिशत हिस्सा सौर पीवी और बैटरी विनिर्माण में चला गया। इसमें कहा गया है कि चीन निकट भविष्य में क्लीन टेक्नोलॉजी के निर्माण में दुनिया की महाशक्ति बना रहेगा और इसका क्लीन टेक्नोलॉजी निर्यात 2035 में 340 बिलियन डॉलर से अधिक होने की राह पर है। आईईए की रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन की तुलना में, संयुक्त राज्य अमेरिका में सौर पीवी मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और बैटरी टेक्नोलॉजी का उत्पादन करने के लिए इन क्लाइमेट टेक्नोलॉजी की लागत औसतन 40 प्रतिशत अधिक है, यूरोपीय संघ में 45 प्रतिशत अधिक और भारत में 25 प्रतिशत अधिक है। भारत में 2020 से विनिर्माण निवेश में पांच गुना वृद्धि दर्ज की गई है, जिसमें भारत की वैश्विक हिस्सेदारी 1.5 प्रतिशत से बढ़कर 3 प्रतिशत हो गई है। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना जैसी पहलों के माध्यम से, भारत का लक्ष्य 2035 तक क्लीन टेक्नोलॉजी का शुद्ध निर्यातक बनना है।


## त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन बिक्री में 49 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल



**नई दिल्ली।** इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन बिक्री में शानदार तेजी देखने को मिली है। लॉजिस्टिक्स इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म क्लिकपोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन बिक्री में 49 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो मुख्य रूप से देश के छोटे शहरों (टियर-2 और टियर-3) से हुई खरीदारी के कारण हुई है। टियर-2 और टियर-3 शहरों से आने वाले ग्राहकों ने बिक्री में 60 फीसदी से अधिक का योगदान दिया। बीते साल त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन बिक्री में 39 प्रतिशत की बिक्री दर्ज हुई थी। इस साल बिक्री में तेजी व्यक्तिगत खपत में बढ़ोतरी को दशार्ती है, जो भारत की आर्थिक वृद्धि को गति दे रही है। क्लिकपोस्ट रिपोर्ट ने वर्ष 2023 और 2024 में सितंबर, अक्टूबर और नवंबर के लिए छह कैटेगरी के तहत 61 मिलियन शिपमेंट के डेटा का विश्लेषण किया है। इन कैटेगरी में कॉस्मेटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, फर्नीचर, होम डेकोर और आभूषण को शामिल किया गया। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में अमेजन के 85 प्रतिशत खरीदार गैर-मेट्रो क्षेत्रों से आते हैं, डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर (डीटूसी) ब्रांड बड़े बाजारों की तुलना में मेट्रो बाजार का बड़ा हिस्सा हासिल कर रहे हैं।

## अमेरिका राष्ट्रपति चुनाव के बीच हरे निशान में खुला भारतीय शेयर बाजार

**मुंबई।** अमेरिका में हो रहे राष्ट्रपति चुनाव के बीच भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान में खुला। शुरूआती कारोबार में रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इंफ्रा जैसे सेक्टर में खरीदारी हो रही है। बीएसई का सेंसेक्स 367.63 अंक या 0.46 प्रतिशत चढ़ने के बाद 79,844.26 पर कारोबार कर रहा है। वहीं, एनएसई का निफ्टी 95.30 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़ने के बाद 24,308.60 पर कारोबार कर रहा है। बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1,820 शेयर हरे, जबकि 449 शेयर लाल निशान पर कारोबार कर रहे हैं। निफ्टी बैंक 82.50 अंक या 0.16 प्रतिशत चढ़ने के बाद के 52,289.75 पर है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 474.45 अंक या 0.85 प्रतिशत चढ़ने के बाद 56,589.90 स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 148.25 अंक या 0.80 प्रतिशत चढ़ने के बाद 18,651.70 पर है। सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, टेक महिंद्रा, मारुति, सन फार्मा और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स रहे। वहीं, टाइटन, टाटा स्टील, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स और एसबीआई टॉप लूजर्स रहे।



बाजार के जानकारों के अनुसार, निफ्टी और बैंक निफ्टी में हाल ही में विकल्पों की स्थिति से पता चलता है कि व्यापारियों की भावना सकारात्मक हो गई है। निकट अवधि का प्रतिरोध 24,420 - 24,542 क्षेत्र के अंदर है, जबकि प्रमुख और महत्वपूर्ण समर्थन क्रमश: 24,074 और 23,780 पर हैं। एशियाई बाजारों की बात करें तो जकार्ता, शंघाई और टोक्यो के बाजार हरे निशान पर कारोबार कर रहे हैं। जबकि सोल, बैंकॉक और हांगकांग के बाजार लाल निशान पर बने हुए हैं। वहीं, चुनाव के बीच अमेरिकी शेयर बाजार बीते कारोबारी दिन हरे निशान पर बंद हुए थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 5 नवंबर को 2,569 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 3,030 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी खरीदी।

# सरकारी सब्सिडी चिंता का विषय, आरबीआई गवर्नर बोले: जीडीपी पर पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली।** जुलाई-सितंबर तिमाही में सरकार की सब्सिडी के लिए भुगतान बढ़ा है। सरकार ने वित्त वर्ष 25 में खाद्य सब्सिडी के लिए 2,05,250 करोड़ रुपये का बजट रखा है। यह 2023-24 के लिए 2,12,332 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 3% कम है। सब्सिडी पर आरबीआई गवर्नर ने क्या कहा है आइए जानें। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को विभिन्न योजनाओं के तहत सरकार की ओर से दी जा रही सब्सिडी पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों का पूंजीगत व्यय बढ़ रहा है, लेकिन उच्च सब्सिडी व्यय चिंता का विषय है।



दास मुंबई में आयोजित बीएफएसआई शिखर सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सब्सिडी व्यय बहुत अधिक है और पहली तिमाही में सरकारी व्यय जीडीपी को नीचे खींच रहा है। गवर्नर ने कहा, सरकारी व्यय में वृद्धि शुरू हो गई है। केंद्र और राज्यों के राजस्व और पूंजीगत व्यय दोनों में वृद्धि शुरू हो गई है। सब्सिडी व्यय एक मुद्दा बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में सरकार की सब्सिडी के लिए भुगतान बढ़ा है। सरकार ने वित्त वर्ष 25 में खाद्य सब्सिडी के लिए 2,05,250 करोड़ रुपये का बजट रखा है। यह 2023-24 के लिए 2,12,332 करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से 3% कम है। सरकार ने रबी सीजन के लिए पोषक तत्व आधारित उर्वरक सब्सिडी के लिए 24,475.53 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है। अप्रैल-जून तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था 6.7 प्रतिशत बढ़ी, जो फ्ङक्के 7.1 प्रतिशत पूवार्नुमान से कम है। 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही (द2 2024-25) के लिए जीडीपी अनुमान 29 नवंबर को जारी होंगे। दास ने कहा कि उच्च सब्सिडी व्यय का जीडीपी पर प्रभाव पड़ेगा। गवर्नर ने कहा, हालांकि, मुझे लगता है कि आर्थिक गतिविधि काफी मजबूत बनी हुई है। आरबीआई ने भारत की 2024-25 की जीडीपी वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत आंकी है। आईएमएफ और विश्व बैंक के अनुसार यह 7.0 प्रतिशत रह सकती है। कई वैश्विक रेटिंग एजेंसियों और बहुपक्षीय संगठनों ने भी भारत के लिए अपने विकास पूवार्नुमानों को संशोधित किया है।

इस साल की शुरूआत में संसद में पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण ने रूढ़िवादी रूप से 2024-25 के लिए भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि 6.5-7 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान भारत की जीडीपी में 8.2 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई, जो सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रही। 2022-23 में अर्थव्यवस्था में 7.2 प्रतिशत और 2021-22 में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

## राशिफल

**मेष:** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। बाहर घूमने-फिरने जा सकते हैं। नेत्र पीड़ा हो सकती है। सुख के साधन जुटेंगे। मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**वृष:** शारीरिक कष्ट संभव है। बेचैनी रह सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। रोजगार में वृद्धि होगी। भूमि व भवन संबंधी कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**मिथुन:** विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। पठन-पाठन व लेखन इत्यादि में ध्यान लगेगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा।

**कर्क:** शत्रु सक्रिय रहेंगे। पहले लिए गए जल्दबाजी में निर्णय का प्रभाव प्रतिकूल हो सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। भागदौड़ रहेगी।

**सिंह:** प्रयास सफल रहेंगे। समाजसेवा की प्रेरणा प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। निवेशादि लाभदायक रहेंगे।

**कन्या:** पुराने शत्रु षड्यंत्र रच सकते हैं, सावधान रहें। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

**तुला:** किसी लंबी व्यावसायिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है।

**वृश्चिक:** कोई बड़ा खर्च अचानक सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। कार्यों में विलंब होगा।

**धनु:** किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** सुख के साधनों पर व्यय होगा। आर्थिक उन्नति के लिए योजना बनेगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। कार्यक्षेत्र में सुधार होगा। व्यापारिक नए अनुबंध हो सकते हैं।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यस्तता रहेगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मीन:** विवाद से दूर रहें। लेन-देन में सावधानी रखें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में विशेष सावधानी की आवश्यकता है। भावना में न बहें।

## चुटकुले

पत्नी ने अपने पति को फोन
लगाया पत्नी- कहां हो?
ऑफिस पहुंच गए क्या?
पति- अरे मेरा कार से एक्सीडेंट हो गया है मेरी
टांग टूट गई है अस्पताल जा रहा हूं
पत्नी- अच्छा ठीक है, जाओ टिफिन का ध्यान
रखना टेड़ा ना हो जाए
नहीं तो दाल गिर जायेगी...

---

पति : अरे सुनो, मुन्ना रो रहा है चुप कराओ इसे...
पत्नी (गुस्से में) : मैं काम करूं
या बच्चे संभालू,
मैं इसे दहेज में नहीं लाई थी, खुद
ही चुप करा लो।
पति : फिर रोने दे. मैं कौन सा इसे
बारात में लेकर गया था..

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को परीक्षण पर रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- चूंकि टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वगीर्कृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने टॉमटाटो का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- चीन टमाटर का सबसे बड़ा उत्पादक है, जो साल 2009 में दुनिया के उत्पादन के एक चौथाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है। संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत क्रमश: दूसरे और तीसरे उच्चतम उत्पादक हैं।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव,
विवेक भाटी





# मेगा नीलामी के लिए रजिस्टर खिलाड़ियों की सूची में राहुल, पंत, अय्यर, अश्विन, चहल, शमी, ठाकुर सबसे ऊंचे बेस प्राइस पर

**नई दिल्ली ।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन के लिए जिन 1574 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन किया है, उस सूची में बेन स्टोक्स का नाम शामिल नहीं हैं। यह आईपीएल ऑक्शन 24 और 25 नवंबर को सऊदी अरब के जेद्दाह में आयोजित किया जाएगा।

फ्रेंचाइजियों से इनपुट मिलने के बाद आईपीएल इस लंबी सूची के खिलाड़ियों की छंटनी करेगा।

इस लिस्ट में उन सभी प्रमुख भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्हें उनकी फ्रेंचाइजी ने रिटेन नहीं किया है। ऋषभ पंत, के एल राहुल, श्रेयस अय्यर ने अपना बेस प्राइस 2 करोड़ रूपए रखा है। इस लिस्ट में आर. अश्विन और युजवेंद्र चहल भी हैं, जिन्हें राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज कर दिया था।



मोहम्मद शमी ने पिछले साल नवंबर में 2023 वनडे वर्ल्ड कप फाइनल के बाद से चोटों के कारण कोई क्रिकेट नहीं खेला है, उन्हें भी गुजरात टाइटन्स द्वारा रिटेन नहीं किए जाने के बाद 2 करोड़ के बेस प्राइस पर सूचीबद्ध किया गया है।

2 करोड़ के अधिकतम बेस प्राइस के साथ अन्य भारतीय खिलाड़ियों में खलील अहमद, दीपक चाहर, वेंकटेश अय्यर, आवेश खान, ईशान किशन, मुकेश कुमार, भुवनेश्वर कुमार, प्रसिद्ध कृष्णा, टी नटराजन, देवदत्त पड़िक्कल, क्रुणाल पांड्या, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह, वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज और उमेश यादव शामिल हैं।

पृथ्वी शॉ और सरफराज खान, जो पिछले ऑक्शन में नहीं बिके थे, उन्होंने 75 लाख के बेस प्राइस पर रजिस्ट्रेशन किया है।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 2014 के बाद से कोई टी20 मैच नहीं खेला है और कभी भी आईपीएल का हिस्सा नहीं रहे हैं, उन्होंने 1.25 करोड़ के बेस प्राइस पर ऑक्शन के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। एंडरसन ने इस इंग्लिश समर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था और इंग्लैंड की टीम के साथ गेंदबाजी कोच की भूमिका निभानी शुरू की थी।

मिचेल स्टार्क, जो 2024 में केकेआर द्वारा 24.50 करोड़ में खरीदे जाने के बाद आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे, वह 2 करोड़ के बेस प्राइस के साथ फिर से ऑक्शन पूल में हैं। जोफ्रा आर्चर भी उसी बेस प्राइस पर सूची में हैं। आर्चर ने 2023 में मुंबई इंडियंस के लिए केवल पांच मैच खेले थे और फिर चोटों के कारण आईपीएल से बाहर हो गए थे।

इस लंबी सूची में इटली के एक खिलाड़ी थॉमस ड्राका भी शामिल हैं, जिन्होंने कनाडा के ग्लोबल टी20 में ब्रैम्पटन के लिए खेला था। 24 वर्षीय ड्राका को हाल ही में यूएई में आईएल टी20 के आगामी सीजन के लिए एमआई एमिरेट्स ने चुना है।

एक टीम अपने दल में अधिकतम 25 खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है।

# रणजी ट्रॉफी: जलज सक्सेना 6000 रन और 400 विकेट का डबल बनाने वाले पहले खिलाड़ी बने

**थुंबा (केरल) ।** केरल के ऑलराउंडर जलज सक्सेना सेंट जेवियर्स कॉलेज ग्राउंड में उत्तर प्रदेश के खिलाफ एलीट ग्रुप सी के चौथे दौर के मैच के दौरान रणजी ट्रॉफी में 6000 रन और 400 विकेट का उल्लेखनीय डबल हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

कोलकाता में केरल के पिछले मैच में 6000 रन का आंकड़ा पार करने वाले सक्सेना ने मैच में अपना चौथा विकेट लेने के बाद यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने तेज ऑफ स्पिन गेंद पर बाएं हाथ के बल्लेबाज नीतीश राणा का विकेट लिया, जिससे राणा स्टंप आउट हो गए।



37 वर्षीय यह गेंदबाज रणजी ट्रॉफी के इतिहास में 400 विकेट का आंकड़ा छूने वाले 13वें गेंदबाज हैं। उनका 400वां विकेट रणजी ट्रॉफी में उनका 29वां पांच विकेट हॉल भी था।

सक्सेना ने 2005 में मध्य प्रदेश के साथ अपने प्रथम श्रेणी करियर की शुरूआत की, राज्य के साथ अपने 11 साल के कार्यकाल में उन्होंने 159 विकेट लिए और 4041 रन बनाए।

2016-17 के सत्र में, वे केरल चले गए और टीम के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दूसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए, जो केवल केएन अनंथापद्मनाभन से पीछे हैं।

पिछले सत्र में, सक्सेना दिग्गजों की श्रेणी में शामिल हो गए, जब वे भारतीय घरेलू क्रिकेट के इतिहास में सभी प्रारूपों में 9000 रन बनाने और 600 विकेट हासिल करने वाले केवल चौथे खिलाड़ी बन गए, जो वीनू मांकड़, मदन लाल और परवेज रसूल की विशिष्ट श्रेणी में शामिल हो गए।

# डेविड वार्नर को बीबीएल 14 में सिडनी थंडर का कप्तान बनाया गया

**सिडनी ।** डेविड वार्नर को बिग बैश लीग (बीबीएल 14) सीजन के लिए सिडनी थंडर का कप्तान बनाया गया है, क्योंकि पिछले महीने एक स्वतंत्र समीक्षा पैनल ने उनके नेतृत्व प्रतिबंध को हटा दिया था।

अनुभवी बाएं हाथ के खिलाड़ी, जिन्होंने 2011 में एक बार थंडर का नेतृत्व किया था, ने क्रिस ग्रीन की जगह कप्तान के रूप में काम किया, हालांकि बाद वाले खिलाड़ी के रूप में टीम का हिस्सा बने हुए हैं।

थंडर के लिए संस्थापक कप्तान होने के नाते, वार्नर ने भूमिका के बारे में उत्साह और टीम की अगली पीढ़ी को आकार देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उन्होंने एक बयान में कहा, इस सीजन में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरू से ही टीम का हिस्सा था, और अब अपने नाम के आगे उस ह्यसीह्न के साथ वापस आना शानदार लगता है। मैं आगे बढ़कर नेतृत्व करने और युवा प्रतिभाओं के साथ अपने अनुभव को साझा करने के लिए उत्सुक हूं।"



मैदान के बाहर नेतृत्व करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मैं ऐसा माहौल बनाना चाहता हूं, जहां हम सभी खेल से ब्रेक ले सकें, एक-दूसरे से जुड़ सकें और खुद का आनंद ले सकें। चाहे वह टीम के साथ भोजन करना हो, गोल्फ कोर्स पर बाहर जाना हो या पश्चिमी सिडनी में अपने प्रशंसकों से मिलना हो, यह सब सौहार्द बनाने और जमीन से जुड़े रहने के बारे में है।"

पिछले कप्तानों पर विचार करते हुए, वार्नर ने टीम पर पूर्व कप्तानों के प्रभाव को स्वीकार किया:

मैं ग्रीनी (क्रिस ग्रीन) के नेतृत्व करने के तरीके की सराहना करना चाहता हूं। वह शानदार नेतृत्व गुणों वाला एक असाधारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी है।

जेसन संघा भी अपनी चोट से पहले। मैंने दोनों से बहुत अच्छी जानकारी हासिल की, और मुझे पता है कि वे ऐसे खिलाड़ी हैं जिन पर मैं इस सीजन भरोसा कर सकता हूं।

सिडनी थंडर के महाप्रबंधक ट्रेंट कोपलैंड ने कहा कि वार्नर की नियुक्ति क्लब के लिए बहुत बड़ी बात है। डेविड वार्नर को कप्तान नियुक्त करना सिर्फ.जीतना नहीं है।

# चैंपियंस लीग में रियल मैड्रिड को उसके घरेलू मैदान पर एसी मिलान ने मात दी

**मैड्रिड ।** रियल मैड्रिड की चैंपियंस लीग में नॉकआउट चरण में क्वालीफाई करने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा जब उन्हें घर में एसी मिलान से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद, रियल मैड्रिड के चार मैचों में सिर्फ छह अंक हैं और उनका अगला मुकाबला लिवरपूल के खिलाफ एनफील्ड में होना है। इससे ज्यादा, कोच कार्लो एंसेलोटी अपने खिलाड़ियों के कमजोर प्रदर्शन को लेकर चिंतित होंगे। मैच के सिर्फ 12 मिनट बाद ही मलिक थिआव ने कॉर्नर से गोल करते हुए मिलान को बढ़त दिला दी। रियल मैड्रिड ने तेजी से प्रतिक्रिया दी और 23वें मिनट में विनीसियस ने पेनल्टी को आसानी से गोल में बदल दिया। हालांकि आमतौर पर रियल मैड्रिड बराबरी के बाद हावी हो जाती है, लेकिन मिलान ने उन्हें मौका नहीं दिया। रियल मैड्रिड के कोच कार्लो अंसेलोटी ने हाफ टाइम में एडुआर्डो कामाविंगा और ब्राहिम



डियाज को उतारा, लेकिन इससे उनकी टीम को कोई फायदा नहीं हुआ। लियो ने काउंटर-अटैक में गोल करने का मौका गंवा दिया। मिलान के लिए अल्वारो मोराटा और टिजियानी रेन्डर्स ने क्रमशः 39 और 73वें मिनट में गोल किए। इसके अलावा, जिरोना मंगलवार को मैदान में उतरी पहली स्पेनिश टीम थी, लेकिन पीएसवी इंडहोवेन के खिलाफ 4-0 से बुरी तरह हार गई।



# ओलंपिक में टॉप करने के लिए एथलीटों का पूल तैयार करना जरूरी : श्रेयसी सिंह

**जमुई ।** भारत की ओलंपिक खिलाड़ी और अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज श्रेयसी सिंह ने ओलंपिक 2036 के लिए अपने विचार रखे हैं।

भारत ने आधिकारिक तौर पर ओलंपिक 2036 की मेजबानी करने के लिए आवेदन किया है। इस अवसर पर 2036 में होने वाले ओलंपिक और पैरालंपिक की मेजबानी की तैयारियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा ओलंपिक के खिलाड़ियों से सुझाव भी मांगे गए हैं।

श्रेयसी ने ओलंपिक गेम्स 2036 को लेकर दिए अपना सुझाव दिया है। वह जमुई से भाजपा विधायक भी हैं।

उन्होंने बताया कि साल 2036 में जो ओलंपिक गेम्स भारत में होने जा रहा है, उसके लिए भारत ने अपना प्रपोज सबमिट कर दिया है। यह खेल निश्चित तौर पर भारत में होने चाहिए लेकिन ओलंपिक मेडल जीतने के लिए और खेलों में टॉप पर पहुंचने के लिए अभी एक रूपरेखा बनाने की सख्त जरूरत है।



श्रेयसी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 2036 ओलंपिक खेलों के लिए भारत ने अपना प्रस्ताव सबमिट कर दिया है।

**श्रेयसी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 2036 ओलंपिक खेलों के लिए भारत ने अपना प्रस्ताव सबमिट कर दिया है। मुझे लगता है कि सऊदी अरब, कतर के साथ-साथ सियोल जैसी कुछ जगहों से भारत को मुश्किल चुनौती मिलेगी। निश्चित तौर पर भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन होना चाहिए।**

मुझे लगता है कि सऊदी अरब, कतर के साथ-साथ सियोल जैसी कुछ जगहों से भारत को मुश्किल चुनौती मिलेगी। निश्चित तौर पर भारत में ओलंपिक खेलों का आयोजन होना चाहिए।


लेकिन उससे पहले मुझे लगता है कि 2025 से लेकर 2035 तक एक रूपरेखा बनानी चाहिए, जिसमें हम लोगों को जमीनी स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करना होगा। जब आधारभूत संरचना बेहतर हो तो बच्चों के मन में अपने देश के लिए खेलने की रुचि को प्लेटफार्म मिलता है, जहां पर वह प्रशिक्षण कर सकें और कोई खेल सीख सकें।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ सफेद-बॉल सीरीज में श्रीलंका की अगुआई करेंगे असालंका

**कोलंबो ।** श्रीलंका ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए चरिथ असालंका को कप्तान नियुक्त किया है। टीमें 9 और 10 नवंबर को दो टी20 मैच खेलेंगी, इसके बाद 13, 17 और 19 नवंबर को तीन वनडे मैच खेलेंगी।

श्रीलंका के लिए यह घरेलू सीरीज खास मायने रखती है, क्योंकि इसमें कई अनुभवी खिलाड़ी वापस आ रहे हैं, जिन्होंने भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल ही में घरेलू सफलताओं में अहम भूमिका निभाई थी।

कुसल परेरा, जिन्होंने लगभग एक साल से वनडे नहीं खेला है, ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 मैच में नाबाद 55 रन की शानदार पारी खेलकर वापसी की है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शिराज, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी की है और घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है, भी टीम में वापस आ गए हैं।



टी20 के लिए, श्रीलंका ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए उसी टीम को बरकरार रखा है, जिसे उन्होंने 2-1 से जीता था।

सीरीज की शुरूआत रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होगी, जहां पहले तीन मैच (2 टी20 और एक वनडे) खेले जाएंगे, जिसके बाद अंतिम दो वनडे मैच पल्लेकेले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

दोनों टीमें पिछली बार सितंबर में दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भिड़ी थीं, जहां श्रीलंका ने 2-0 से जीत दर्ज की थी, जिसके बाद न्यूजीलैंड ने अपना विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अभियान जारी रखने के लिए भारत का दौरा किया था।

हालांकि, इस बार सफेद गेंद वाले क्रिकेट में बदलाव से अलग-अलग चुनौतियां और अवसर सामने आएंगे, क्योंकि दोनों टीमें छोटे प्रारूपों के साथ तालमेल बिठा रही हैं।

श्रीलंका वनडे में आईसीसी रैंकिंग में छठे स्थान पर है, जो न्यूजीलैंड से एक स्थान पीछे है।

# मुंबई टेस्ट के बाद पंत और मिचेल आईसीसी रैंकिंग में टॉप 10 में


**दुबई ।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और न्यूजीलैंड के अनुभवी डेरिल मिचेल को मुंबई में तीसरे टेस्ट के दौरान मजबूत प्रदर्शन का ईनाम मिला है, क्योंकि दोनों खिलाड़ी बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

टेस्ट के दौरान शानदार अर्धशतक लगाने के बाद पंत टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचने के लिए पांच पायदान ऊपर चढ़ गए हैं। यह उछाल उन्हें उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग के करीब ले आया है, जो उन्होंने आखिरी बार जुलाई 2022 में हासिल की थी।

मुंबई में पहली पारी में 82 रन बनाने के बाद मिचेल ने भी काफी उछाल देखा है, जो आठ पायदान चढ़कर कुल मिलाकर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। अब वह अपने साथी न्यूजीलैंड के केन विलियमसन के साथ शामिल हो गए हैं, जो दूसरे स्थान पर हैं।



इंग्लैंड के जो रूट टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर आरामदायक बढ़त बनाए हुए हैं, उनके बाद विलियमसन, हैरी ब्रूक (तीसरे), यशस्वी जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) हैं। भारत के शुभमन गिल भी न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली पारी में 90 रन की पारी खेलकर चार पायदान ऊपर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड की सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग 29 पायदान ऊपर 44वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी विभाग में भारत के बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार 10 विकेट लेने के बाद दो पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं।



# पोंटिंग ने की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के विजेता, टॉप स्कोरर और सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज पर भविष्यवाणी

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को लगता है कि ऑस्ट्रेलिया आने वाली टेस्ट सीरीज में भारत को 3-1 से हरा देगा। उन्होंने कहा कि मोहम्मद शमी के चोटिल होने से भारत की गेंदबाजी कमजोर हो गई है।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा कि ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैच जीतने के लिए भारत को 20 विकेट लेने होंगे, जो उनके लिए मुश्किल होगा। हालांकि, उन्होंने माना कि भारत एक टेस्ट मैच जीत सकती है। पोंटिंग ने कहा कि स्टीव स्मिथ या ऋषभ पंत इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बना सकते हैं।

पोंटिंग के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का शीर्ष क्रम से नंबर 4 पर वापसी करना उनके लिए टेस्ट सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का मौका बढ़ा सकता है।

स्मिथ ने ओपनर के रूप में कुछ मैच खेले, पर उसमें उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली। अब भारत के खिलाफ सीरीज से पहले ये लगभग तय हो गया है कि ऑस्ट्रेलिया के इस मजबूत बल्लेबाज को वापस नंबर 4 पर भेजा जाएगा।





रिकी पोंटिंग का मानना है कि स्मिथ का इस स्थान पर लौटना यह साबित कर सकता है कि ओपनर की बजाय नंबर 4 पर खेलना ही उनके करियर का सही स्थान हो सकता है, और संभवतः यहीं पर वे अपना करियर समाप्त करेंगे। पोंटिंग ने यह भी जोड़ा कि ऋषभ पंत के टीम में वापस आने से स्मिथ को चुनौती मिल सकती है।

**पोंटिंग ने ऋषभ पंत के मध्यक्रम में आने पर उनकी फॉर्म और गेंद की चमक व कठोरता कम होने के बाद खेलने की स्थिति को उनके लिए फायदेमंद बताया।**

पोंटिंग ने ऋषभ पंत के मध्यक्रम में आने पर उनकी फॉर्म और गेंद की चमक व कठोरता कम होने के बाद खेलने की स्थिति को उनके लिए फायदेमंद बताया।

उन्होंने पंत को सीरीज के प्रमुख रन स्कोरर में से एक मानने की बात भी कही। गेंदबाजों में, पोंटिंग ने अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को सर्वाधिक विकेट लेने के लिए बैक किया।

ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख तेज गेंदबाज (मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और हेजलवुड) में पोंटिंग ने माना कि स्टार्क और कमिंस शायद सभी पांच टेस्ट मैच न खेल सकें, जबकि हेजलवुड की स्थिति इससे अलग है।

पोंटिंग ने कहा, हेजलवुड इस समय अपनी क्षमता के चरम पर हैं, इसलिए मैं उन्हें इस सीरीज का शीर्ष विकेट-टेकिंग गेंदबाज मानता हूं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टेस्ट 22 नवंबर से शुरू होगा। यह महत्वपूर्ण सीरीज आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली टीमों का अनुमान लगाने में मदद कर सकती है।

# मोदीनगर-हापुड़ मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण की आस जगी सांसद की पहल जल्दी दिखायेंगी रंग




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बागपत-मोदीनगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान ने मोदीनगर से हापुड़ जाने वाले सड़क मार्ग के चार लेन चैड़ीकरणकी मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठाई है। सांसद ने कहा है कि इस मार्ग की चैड़ाई कम होने के कारण यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही है, और प्रतिदिन जाम की स्थिती बनी रहती है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष इस मार्ग की महत्वा के विषय में भी विस्तार से बताया है।

बताते चले कि मोदीनगर हापुड़ मार्ग पर रेलवे विभाग की ओर से फ्लाईओवर बनने का रास्ता साफ हो चुका है। निर्माण के लिये सर्वे का कार्य चल रहा है और संबन्धित विभाग कवायत में लगे है। इसके मद्देनजर शहर के कई संभ्रात नागरिकों व पालिका जनप्रतिनिधियों ने सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान के समक्ष हापुड मोदीनगर मार्ग के चैड़ीकरण की मांग को प्रमुखता से उठाया था। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग को देखते हुएं सांसद डॉ0 राजकुमार सांगवान ने मुख्यमंत्री के समक्ष मांग को प्रमुखता से रखते हुये उन्हें सौपे एक पत्र के माध्यम से बताया कि मोदीनगर- हापुड़ मार्ग अतिमहत्वपूर्ण राजमार्ग है, तथा यह चार राज्यों को जोड़ता है।

इस मार्ग से प्रतिदिन उत्तराखण्ड, हरियाणा, दिल्ली व उत्तर प्रदेश को हजारों की संख्या में लोगों को आवागमन बना रहता है, तथा व्यापारिक दृष्टि से भी इस मार्ग से हजारों की संख्या में बड़ें व्यापारिक वाहनों का आवागमन होता है। यह मार्ग मेरठ-दिल्ली एक्सप्रेस-वे को जोड़ता है, जिसका कट ब्लॉक भोजपुर में स्थित है। एक्सप्रेस-वे से आने वाले वाहनों की संख्या इस मार्ग पर बहुत अधिक है, जिससे प्रतिदिन जाम की स्थिती बनी रहती है। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सड़क की चैड़ाई कम होने के कारण जाम की स्थिति रहती है, वही दुर्घना होना आम बात हो गई है। इस लिये उन्होंने इस मार्ग को चार लेन चैडा करायें जाने की मांग पुरजोर तरीके से की है। ताकि वाहनों का आवागमन आसानी से हो सके। संभावना है कि शीघ्र ही इस पर त्वरित विचार कर समस्या का समाधान होगा।

# तीसरे दिन भी तहसील अधिवक्ता कार्य से रहे विरत, जिला जज को की बर्खास्त करने की मांग



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** तहसील बार एसोसिएशन, राजस्व एवं सिविल बार एसोसिएशन सहित अधिवक्ताओं के अन्य संगठनों ने वकीलो के विरूद्ध दर्ज कराये गये मुकदमे व पुलिस कार्य प्रणाली के प्रति रोष जाहिर करते हुये तीसरे दिन भी कामकाज ठप कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होने इस प्रकरण की एसआईटी से जांच कराने की मांग को पुरजोर तरीके से उठाते हुये तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम त्यागी की अध्यक्षता में हुये धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि 29अक्टूबर को गजियाबाद के जिला जज की अदालत में अधिवक्ताओं के साथ हुएं दुर्यव्यवहार व लाठी चार्ज को लेकर रोष जाहिर किया गया। जिसे लेकर राजस्व एंव सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर वशिष्ठ एव सचिव संजय मुदगल ने भी बार एसोसिएशन गाजियाबाद के लिये गये निर्णय को सही ठहराया ओर खुला समर्थन देने की घोषणा की।

इस मौके पर तहसील के सभी अधिवक्ताओं के संगठनों ने एकजुटता का परिचय देते हुएं कार्य से विरत रहते रहे, जिला बार एसोसियेशन की ओर से उठाई गई मांग का समर्थन किया ओर इस प्रकरण की एसआईटी से जांच कराने तथा जिला जज को बर्खास्त करने की मांग रखी। प्रदर्शन में शमिल रहे लोगो में बार एसोसिएशन के सचिव सौरभ मुदगल, राजकुमार गुप्ता, जगपाल सैनी, ताराचंद गौतम, वीरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, अमित नेहरा, अजीत कुमार, नितिन शर्मा, सेंहसरपाल सिंह, रामकुमार चैधरी, अमरदीप नेहरा के अलावा सिविल बार एसोसिएशन से जुडे अधिवक्ताओं में रामकुमार कलकल, श्रीमती राखी, संजीव कौशिक, मोहित बंसल, कीर्ति सिंह, ललित नेहरा, मधु बिंदल, यशु सिघल आदि रहे।




## वोटो के लदान की बात होगी फोटो के चालान का जिक्र नही होगा

ये फूल वाले भी बड़े ही कमाल के हैं। वो विपक्ष के लीडर की बात को पूरा तूल देते हैं मगर जनता की बात पर बड़ा ही कूल रिस्पांस देते हैं। अफसरों के आगे बैठेंगे तो हां में हां और एज पर रूल की बात होगी। पब्लिक के बीच जायेंगे तो दो गाली अफसर को चार गाली खुद को और ताली बजवा कर निकल लेंगे। यातायात को लेकर पुलिस भाजपा वाले फोन से जागरूक हैं। बस कसर इतनी बाकी है कि रेड लाईट होने पर ट्रैफिक पुलिस के ड्रोन नहीं आ रहे फोटो चालान के लिये। पब्लिक को लग रहा था कि फूल वाले रूल की बात करेंगे मगर हाथी हाथ साईकिल इस मुद्दे को उठायेंगे। वो गली में जा रहे हैं, वो मौहल्ले में जा रहे हैं, वो नुक्कड़ सभा कर रहे हैं मगर सरकार वालों को तो छोड़ो यहां तो विपक्ष वाले भी इस बात का कोई जिक्र तक नहीं कर रहे हैं। अरे माना कि विपक्ष वालों के बस का है रिक्शा चलवाना नहीं है, उनके बस का फोटो चालान की आंधी से भी पब्लिक को बचाना नहीं हैं। मगर वोट मांगते वक्त तो कह ही सकते हों कि हम बचायेंगे। वोटो के लदान की बात तो होगी मगर फोटो के चालान का जिक्र नही होगा।

## सुना है डीएम ने मना कर दिया नीले हाथी को चारा खिलाने से

इस बार कैडर के वोटो को लेकर अलग अलग मौहल्लों से डिफरेंट चर्चा है। नीले यूथ स्काई भाईसाहब से ज्यादा आर्मी वाले से इम्प्रेस हैं। मगर ये इम्प्रेशन केवल फोटो तक ही सिमट जायेगा क्योंकि वोटो के मामले में दखल बड़ा का है। बड़े अभी भी हाथी के साथ ही अड़े हैं और ये बात सुनने में सूटकेस वाले महावत को फील गुड करा सकती है। लेकिन हकीकत फील और गुड का फील करायेगी क्योंकि बड़े एलीफेंट के साथ अड़े तो हैं लेकिन वो वोट मांगने कहीं न जा रहे हैं और वो तो घर में पड़े हैं। हाथी को लग रहा है कि डीएम साहब उस के साथ हैं मगर रियल में ऐसा है नहीं। सुना है कि डीएम ने हाथी को चारा खिलाने से इंकार कर दिया है। डी का कहना है कि हमारा बिरादरी ब्रदर मैदान में हैं इसलिये अंदर को हम एज ए लीडर कंसीडर ही नही कर रहे हैं। कुछ महावत इंटरनली केसरिया हो चुके हैं और वो कह रहे हैं कि सारे काम यहां से हो रहे हैं तो साथी भी अब यहीं हैं। सुना है कि हाथी भी महावत का कहना नहीं मान रहा तो महावत भी हाथी को उसकी मर्जी पर छोड़ चुके हैं। अब अर्जी तो वोटरों के यहां लगानी है तो वो अर्जी हाथी लगा रहा है। मगर मौहल्ले से जो सुनने में आ रहा है वो ये है कि डीएम दोनो ने ही मिलकर हाथी को चारा खिलाने से इंकार कर दिया है जी। ऐसे में चारा कौन खायेगा और डी एम किधर जायेगा के सवाल पर हाजी जी ने कहा कि जैसे हर चुनाव में बिखरता है वैसे ही इस चुनाव में भी चारो माई बिखर जायेगा।

## देश की बड़ी जीत यहां से और पीएम से भी बड़ा जनादेश यहां से

यूपी की गद्दी संभाल रहे गोरखनाथ गद्दी वाले बाबा ने पहले भी कहा था कि ओवर काफिडेंस से बचना है और वो तो घर हैं। देवतुल्यों के जोश को कौन थामेगा और इस बात को तो पूरा देश ही मानेगा कि हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी विधानसभा में सबसे बड़ी जीत यहीं से मिली है। प्रधानमंत्री की जीत से बड़ी जीत यहां तब मिली जब टिकट चेंज हो गया और राणा प्रताप के वशंजो में सीन रेवेंज का हो गया। डिफेंस वाले भी लखनऊ में डिफेंसिव मोड में ही रहे। भगवा गढ़ में जीत का सीन भी तीन लाख प्लस का रहा। अब ये तो रिकार्ड का डाटा है और किसी के बुरा मानने से ना ये घटेगा ना बढ़ेगा।

# सीबीएसई राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक विजेता का किया स्वागत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** कर्नाटक में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय खेलों में स्केटिंग प्रतियोगिता में रिकार्ड समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल करने वाले खिलाड़ी का स्वागत कर सम्मन प्रतीक भेट किया गया। कर्नाटक से लौटे खिलाड़ी अचीव का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विनोद वैशाली, सभासदों व छाया स्कूल प्रबंधन ने एक कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक अखिलेश द्विवेदी ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने अचीव के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने छाया पब्लिक स्कूल का ही नहीं बल्कि पूरे मोदीनगर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। अखिलेश द्विवेदी ने कहा कि अचीव की मेहनत और उसके परिवार का सहयोग आज उनको इस मुकाम पर लाने में बहुत ही महत्वपूर्ण रहा है। प्रधानाचार्य डॉ0 अरूण त्यागी ने बताया कि अचीव ने राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ जीता है, और इस उपलब्धि के बाद उनका कतर में होने वाले एशियन गेम्स व एसजीएफआई खेलों के लिए उनको चयनित किया गया है। इस अवसर पर सभासद लोकेश डोडी, रजनीश तोमर, गौरव नेहरा, मोनू धामा, रजनीश चैधरी, संदीप सांगवान, मोनू धामा आदि व स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं, अचीव के पिता डॉ0 अमित, माता व दादा-दादी आदि मौजूद रहें।

# दीपावली के दिन पत्नी को बेहरमी से पीटा, दो दिन बाद अस्पताल में मौत




**लोनी, करंट क्राइम।** युवक ने दीपावली के दिन अपनी पत्नी के साथ इतनी बेरहमी से मारपीट की कि उसने दो दिन बाद अस्पताल में दम तौड़ दिया। मायके वालों ने आरोपी दामाद के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

इटावा निवासी मुलायम सिंह कटारिया की बेटी सुनीता की शादी वर्ष 2009 में लोनी बार्डर थाने राजीव गार्डन कॉलोनी में हुई थी। आरोप है कि सुनीता का पति राजीव नशे का आदि था तथा आए दिन पत्नी के साथ मारपीट करता था। पीडिता मायके वालों से मामले की शिकायत करती थी, लेकिन मायके वाले उसे समझा बुझाकर शांत करा देते थे।

आरोप है कि 31 अक्टूबर को दीपावली के दिन राजीव सुबह से अपनी पत्नी सुनीता को डंडों और लात घूंसों से पीट रहा था। रात में पीडता ने मायके वालों से भी फोन पर घटना की जानकारी भी दी, लेकिन उन्हे उसे दीपावली बाद आने लिए कहकर टाल दिया। एक नवंबर को सुनीता की हालत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन तीन नवंबर को वहां उसकी मौत हो गई। मृतका के पिता ने उसके पति के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

# 3 बाइक चोर गिरफ्तार, 9 बाइक बरामद

## 3 महीने से एक्टिव, मौज मस्ती के लिए करते थे चोरी



**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के तीन बदमाशों को थाना सेक्टर-113 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें एक नाबालिग है। इनके कब्जे से चोरी की नौ बाइक बरामद की गई है। एक अन्य बाइक बरामद की गई है जिससे ये खुद वारदात को अंजाम देते थे। चोरी की चार बाइक थाना सेक्टर-113 क्षेत्र से चोरी की गई है। बाकी बाइक की पहचान की जा रही है।

डीसीपी राम बदन सिंह ने बताया कि ये लोग पहले बाइक की रेकी करते थे। इसके बाद लॉक खोलकर उनको चोरी करते थे। चोरी की घटना नाबालिग करता था ताकि किसी को शक न हो। इसके बाद बाइक को किसी सुनसान इलाकों में छिपा देते थे। ग्राहक मिलने पर औने पौने दाम पर बेचे थे। इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। डीसीपी ने बताया कि इन सभी मोबाइल जब्त किए गए है। जिनकी सीडीआर भी देखी जा रही है। इनके और साथी हो सकते है। जिनके जरिए ये बाइक के ग्राहकों तक पहुंचते थे। चोरी की बाइक से मिलो पैसों का प्रयोग मौज मस्ती के लिए करते थे। इनकी पहचान अनुज कुमार पुत्र सुरेश चंद्र और सचिन सोनी पुत्र संतोष कुमार के रूप में हुई है। इसके अलावा एक नाबालिग है। इन तीनों को नोएडा के सेक्टर-112 के एफएनजी के पास से गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर ही बाइक बरामद की गई। उन्होंने बताया कि दो से तीन महीनों से थाना क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना बढ़ गई थी। सीसीटीवी मुखबीर से जानकारी मिलने पर इनकी पहचान की गई। इसके बाद चेकिंग लगाकर इनको गिरफ्तार किया गया। इनके और साथी भी हो सकते है जिनकी जानकारी की जा रही है।

## पीड़िता ने थाने में दी तहरीर

लोनी, करंट क्राइम। बुधवार सुबह करीब 11 बजे गिरी मार्केट में किराए के मकान में रहनें वाले बलवीर ने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति सुबह काम पर चला गया। जाने के बाद टेलर से लेन-देन के चलते विवाद हो गया। हाथापाई में बलवीर की पत्नी के हल्की चोट आई। उसने टेलर के विरुध लोनी थाने में रिर्पोट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो मोबाइल गिरफ्तार

लोनी, करंट क्राइम। पुलिस ने मोबाइल की दुकान से एक बाल अपचारी द्वारा तीन मोबाइल चोरी कराने वाले दो आरोपी सुरेन्द्र और दिलशाद को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के तीनों मोबाइल बरामद हो गए है। दोनों आरोपी अपने एक नाबालिक साथी से मोबाइल चोरी कराकर बेच देते थे।




# कमिश्नरेट में बढ़ी किस एसीपी पॉवर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में तीन जोन और आधा दर्जन से ज्सादा सर्किल हैं। हर सर्किल का अपना महत्व व पहचान है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अंतर्गत बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारी भी तैनात हैं। तो वही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते दिनों एक एसीपी स्तर के अधिकारी की पॉवर में इजाफा किए जाने की सूचना भी मिल रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब लाइन में एसीपी लाइन वाला चार्ज एक आईपीएस अधिकारी के पास चला गया है। बताया जा रहा है वैसे तो उनको यह चार्ज पहले ही मिल जाना चाहिए था लेकिन इस मामले में थोड़ा डीले हुआ है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीन दिन पूर्व उनके लिए एक आदेश जारी कर दिया गया है। जिसके बाद अब उनकी पॉवर बढ़ बताई जा रही है। पहले यह है जिम्मेदारी सिटी जोन के एक ऐसे एसीपी के पास थी, जो कमिश्नरेट में कई स्तर की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। उनका सर्किल वाला कार्यकाल भी रिकॉर्ड पर चल रहा है। तो वही उनकी सोशल टीआरपी भी



बेहद मजबूत मानी जाती है। वह कमिश्नरेट टीम की चॉइस बताए जाते हैं, तो वहीं उनके डिसीजन की तारीफ भी होती रहती है। उनका स्वभाव सरल है और अंदाज निराला है, इसीलिए वह सिटी के सबसे खास सर्किल पर राज कर रहे हैं। उधर जिस एसीपी को अब लाइन का प्रभार मिला है, देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के दो साल पूरे होने वाले हैं। लाइन में होने वाले कार्यक्रमों को फाइन करने का जिम्मा एसीपी लाइन के पास ही होता है। साथ ही उनकी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है। लाइन में बड़ी संख्या में पुलिस का स्टाफ रहता है। तो तमाम जिम्मेदारी वाले काम भी लाइन से ही जुड़े रहते हैं। ऐसे में आईपीएस अधिकारी और लाइन वाले प्रभार एसीपी का वर्क लोड वह कितना फाइन अंदाज में होगा यह देखा जाना अभी शेष है। कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि उनको यह वाली जिम्मेदारी थोड़ी लेट मिली है, हो सकता है पहले अधिकारियों ने उनकी वर्किंग कैपेसिटी को देखा हो और फिर उनको यह जिम्मेदारी वाला भार सौंपा गया हो। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट में एसीपी लाइन का पद भी अपने आप में महत्वपूर्ण माना जाता है और अब जिम्मेदारी मिलने के बाद उनका वर्किंग स्टाइल बताएगा कि मामला कैसा रहता है।

# पराली जलाने की सूचना पर जांच के लिये दौड़ी राजस्व टीम

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** गांव बंसतपुर सैंतली में पराली जलाने की सूचना मिलते ही राजस्व टीम गांव पहुंची। टीम में शामिल लेखपाल संजीव कुमार ने जांच की और पाया कि पराली में आग नहीं लगायी गयी थी, बल्कि किसी ने कूड़ा करकट के ढेर में आग लगायी थी। गांव बसतंपुर सैथली में खेत में पराली में आग लगने की सूचना मिली, एसडीएम डॉ0 पूजा गुप्ता ने तत्काल राजस्व टीम को भेजा। टीम ने प्रकरण की जॉच करने के उपरान्त पाया कि उक्त स्थान पर आबादी के निकट पड़े हुए कूड़े में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दी गयी, परन्तु किसी कृषक की ओर से कोई फसल अवशेष अथवा पराली नहीं जलाई गयी है। मौके की जॉच कृषि प्राविधिक सहायक के द्वारा भी करायी गयी । जांच रिपोर्ट एसडीएम डॉ0 पूजा गुप्ता को सौंप दी गई है।

# कूड़ा जलाने पर 80 हजार जुमार्ना वसूला

## निर्माण साइटों पर 132 एंटी स्मॉग गन लगाई गई




**नोएडा करंट क्राइम।** एनसीआर का सबसे ग्रीन शहर ग्रेटर नोएडा अब प्रदूषण से मुक्ति के लिए और भी सख्त हो गया है। प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के उद्देश्य से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शहर भर में सफाई अभियान को और तेज कर दिया है।

प्राधिकरण ने शहर को 18 हिस्सों में बांटकर प्रत्येक क्षेत्र में सुपरवाइजर और सेनेटरी इंस्पेक्टर तैनात कर दिए हैं। इन कर्मचारियों का मुख्य काम यह सुनिश्चित करना होगा कि शहर में गंदगी न फैले और कूड़ा जलाने की घटना पर कड़ी नजर रखी जाए। ग्रेटर नोएडा में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लागू ग्रैप टू नियमों के तहत प्राधिकरण ने सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता दी है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने इस संबंध में सभी विभागों को जरूरी निर्देश दिए हैं। परियोजना विभाग, स्वास्थ्य विभाग और उद्यान विभाग सहित अन्य विभाग अब इस मुहिम में जुट गए हैं।

### 32 एंटी स्मॉग गन लगाई

प्राधिकरण के ओएसडी अभिषेक पाठक ने बताया कि शहर में प्रदूषण को कम करने के लिए 132 एंटी स्मॉग गन लगाई गई हैं। इसके साथ ही 66 वाटर टैंकरों के जरिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है ताकि धूल न उड़ सके। इन प्रयासों में एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से शोधित पानी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा, शहर की सड़कों की सफाई के लिए 4 मेकैनिकल स्वीपिंग मशीनें भी लगाई गई हैं। वहीं, 10 वाटर टैंकरों से पेड़-पौधों की धूल भी साफ की जा रही है।

### कूड़ा जलाने पर 80 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला

प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ प्राधिकरण अब कड़ी कार्रवाई कर रहा है। अब तक कूड़ा उठाने में लापरवाही बरतने और कूड़ा जलाने पर 80 हजार रुपए का जुमार्ना वसूला गया है। यह जुमार्ना संबंधित वेंडरों पर लगाया गया है। प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बताया कि यदि कहीं भी कूड़ा जलता हुआ दिखाई दे, तो लोग तुरंत प्राधिकरण के कॉल सेंटर नंबर 0120-2336046/47/48/49 पर सूचना दे सकते हैं। इसके साथ ही मित्रा एप पर भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

# जेएमएसआईटी गाजियाबाद के छात्रों का वर्सेंटस ग्रुप में हुआ चयन



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जेएमएसआईटी गाजियाबाद ने अपने छात्रों के लिए एक सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। जिसमें प्रमुख आईटी सेवा एवं इंजीनियरिंग कंपनी वर्सेंटस ग्रुप ने भाग लिया। इस ड्राइव में जेएमएसआईटी के पांच छात्रों का चयन वेब डेवलपमेंट इंटर्न के पद के लिए किया गया है। इस पद पर छात्रों को घर से काम करने का अवसर दिया गया है और उन्हें 2.4 लाख सालाना का स्टाइपेंड भी मिलेगा। वर्सेंटस ग्रुप के मानव संसाधन एवं ग्राहक संबंध प्रबंधक श्री नरेंद्र कुमार ने इस प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन किया और छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा की। शिवम कुमार (बीसीए), शिवम कुमार (बीसीए), उस्मान - बीटेक (कंप्यूटर साइंस), अमन कुमार - बीटेक (कंप्यूटर साइंस), हर्ष - एमसीए का चयन किया गया । इस उपलब्धि के लिए संस्थान की प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट प्रमुख सुश्री तन्वी गौर की विशेष प्रशंसा की गई है, जिन्होंने छात्रों को इस अवसर के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए भविष्य में और भी उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक प्रॉफ० अनिरुद्ध बिस्वास और प्रिंसिपल प्रॉफ० प्रवीण गुप्ता ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कार्यक्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। जेएमएसआईटी हमेशा अपने छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा और बेहतर करियर अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मुरादनगर में अवैध रूप से चल रहा अल्ट्रासाउंड केंद्र किया सील



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** मुरादनगर में स्वास्थ्य विभाग की गाजियाबाद व हरियाणा की टीम ने कस्बा रोड पर अवैध रुप से लिंग परीक्षण केंद्र पर छापेमारी कर कार्रवाई की है। टीम ने केंद्र को सील कर संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अल्ट्रासाउंड संचालक को हिरासत में ले लिया है।

स्वास्थ्य विभाग के डॉ. अनुराग कुमार व डॉ. उमेश कुमार गुप्ता ने कस्बा रोड स्थित लोकप्रिय डायग्नोस्टिक सेंटर पर हरियाणा के गुरुग्राम स्वास्थ्य विभाग टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने एक महिला को ग्राहक बनाकर भेजा और लिंग परीक्षण की जांच कराने की बात कहीं। वहां पर मौजूद केन्द्र कर्मी ने महिला का 1500 रुपए लेकर अल्ट्रासांउड कर दिया।

### संचालक गिरफ्तार, थाने में मुकदमा दर्ज

इसी बीच वहां पर स्वास्थ्य टीम पहुंच गई और छापेमारी की कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बताया कि पिछले दिनों भी उक्त केंद्र पर छापेमारी की कार्रवाई करके सील कर दिया था। उन्होंने बताया कि केंद्र की सील तोड़कर दोबारा से अल्ट्रासाउंड करना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि अल्टासाउंड केंद्र पर अवैध रूप से लिंग परीक्षण का कार्य भी किया जा रहा था। इस कार्रवाई के बाद नगर में हड़कंप मचा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अल्ट्रासाउंड मशीन संचालक के खिलाफ थाने में रिपोर्ट तहरीर दी गई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। केंद्र संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ममता के मामले को पुनः जांच कर निपटाने के निर्देश मिले- राजेन्द्र शुक्ला एसडीएम लोनी

**लोनी, करंट क्राइम।** भूमि विवाद को लेकर सोमवार को लखनऊ में विधानसभा के सामने आत्मदाह का प्रयास करने वाली ममता राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, मानवाधिकार आयोग सहित करीब 12 विभागों को शिकायती पत्र भेजकर समस्या के निस्तारण की मांग कर चुकी थी। 7 अक्टूबर 24 को प्रेषित पत्र पर संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय ने कार्रवाई के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री को निर्देशित किया था। जिस पर मामले को जनसुनवाई पोर्टल पर पंजीकृत कर लोनी राजस्व विभाग से आख्या मांगी गई थी। जबकि मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय से एसडीएम लोनी को ममता के मामले की पुनः जांच कर निस्तारण के निर्देश मिले हैं।

ममता का आरोप है कि लोनी तहसील अधिकारियों और लेखपालों ने शासन को भ्रमित करने के लिए गलत आख्या भेजकर फर्ज की इतिश्री कर ली थी। जबकि उसके हिस्से की भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए कोई कार्रवाई नही की। ममता का आरोप है कि राजस्व विभाग के अधिकारी और कर्मचारी दूसरे पक्ष से अनुचित लाभ लेकर उल्टा उसे ही धमका रहे हैं तथा किसी भी विभाग से जांच आने पर उस पर फर्जी आख्या लगा देते हैं। आरोप है कि उसके पूरे खेत पर उसके खेत का दो तिहाई भाग खरीदने वाले अरंवद तथा उसके भाई विजयपाल, तेजपाल और अजब सिंह ने ही कब्जा कर लिया है। जब वह अथवा उसके परिजन अपने खेत को देखने जाते हैं तो विपक्षी पक्ष उन्हे धमकाता है और जान से मारने की धमकी देता है। ममता ने यह शिकायती पत्र 25 अक्टूबर 24 को मुख्यमंत्री कार्यालय में पोस्ट कर चेतावनी दी थी कि अगर उसकी समस्या का समाधान नही हुआ तो वह कभी भी परिवार सहित लखनऊ विधान सभा के सामने परिवार सहित आत्मदाह करने के लिए विवश हो जाऐगी। एसडीएम लोनी राजेन्द्र शुक्ला ने बताया कि उन्हे जिलाधिकारी कार्यालय से निर्देश मिले हैं कि ममता के वापस लोनी लौटने पर मामले की पुनः जांच कर निस्तारण किया जाए। जबकि राजस्व विभाग पर ममता द्वारा लगाया गया पक्षपात का आरोप मनगढंत और फर्जी है।

### पुलिस कर चुकी है दोनों पक्षों के विरुद्ध 107/116 की कार्रवाई

करंट क्राइम। एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय का कहना है कि करीब तीन माह पूर्व राजस्व विभाग की टीम भूमि की जांच और पैमाइश आदि के लिए मौके पर पहुंची थी, लेकिन वहां लेखपाल के साथ धक्का मुक्की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया था। जिस पर पुलिस ने ममता और उसके विरोधी अरविंद पक्ष के खिलाफ 107/116 की कार्रवाई की थी।

### दरोगा पर लगाया था पक्षपात का आरोप

करंट क्राइम। ममता ने मामले की जांच कर रहे अशोक विहर चौकी इंचार्ज एहसान अली पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए उनकी शिकायत आला अधिकारियों से की थी।

# इंटर की छात्रा लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** इंटर की एक छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने एक युवक पर अपहरण करने का शक जाहिर करते हुए अनहोनी की आशंका व्यक्त कर थाने में तहरीर दी है। पुलिस छात्रा की तलाश कर रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहता है। उनकी पुत्री एक निजी इंटर कॉलिज में 12 वीं की छात्रा है और वह सोमवार की सांय बाजार जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं आई। काफी तलाश करने के बाद भी छात्रा का कोई पता नहीं चला।

परिजनों ने एक युवक पर अपहरण करने का शक जाहिर करते हुए अनहोनी की आशंका के चलते थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने छात्रा की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमों को लगाया है।

# राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की ऐतिहासिक जीत

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई देशों ने दी ट्रंप को जीत की बधाई

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मंगलवार 5 नवंबर को वोटिंग हुई। इस चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस के बीच मुख्य मुकाबला था। अमेरिकी कानून के मुताबिक ट्रंप को विजेता घोषित कर दिया है।

### रूस ने अमेरिकी चुनाव में हस्तक्षेप के आरोपों से किया इनकार

अमेरिका स्थित रूसी दूतावास ने एक बयान जारी कर अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में दखलअंदाजी के आरोप को सिरे से खारिज कर दिया है। दरअसल मंगलवार को अमेरिका के कई राज्यों के मतदान केंद्रों पर बम होने की खबरें सामने आईं थी। हालांकि जांच में ये सूचना झूठी पाई गई। इसके चलते कई मतदान केंद्रों को अस्थायी तौर पर बंद करना पड़ा था। अमेरिकी खुफिया एजेंसी ने कहा है कि बम की झूठी धमकी ईमेल के जरिए दी गई और ये ईमेल रूस के डोमेन से भेजे गए थे।

266 पर आ गया, जो कि बहुमत के 270 के आंकड़े से महज 4 कम है।

### डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने से 4 इलेक्टोरल वोट दूर

सीएनएन के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव जीतने से महज 5 इलेक्टोरल कॉलेज वोट दूर हैं। वह अगर इन पांच वोट्स को हासिल कर लेते हैं, तो 270 के बहुमत के जादुई आंकड़े को छू लेंगे। इस बीच उनकी प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस काफी पीछे 214 इलेक्टोरल वोट पर ही सीमित रह गई हैं, जबकि ट्रंप 266 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हासिल कर चुके हैं।

### पीएम मोदी ने दी अग्रिम बधाई



राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत तय होने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप को बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं भारत-अमेरिका संबंधों और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग की आशा करता हूं। आइए हम सब मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए काम करें और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा दें।'

### ब्रिटिश पीएम ने ट्रंप को दी बधाई



ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी डोनाल्ड ट्रंप को जीत के लिए बधाई दी है। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद कीर स्टार्मर भी उन वैश्विक नेताओं में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने ट्रंप को जीत की बधाई दी है। कीर स्टार्मर ने कहा कि ट्रंप के जीत हासिल करने के बाद ब्रिटेन और अमेरिका के बीच विशेष संबंध नए अमेरिकी प्रशासन के तहत भी समृद्ध होंगे।
लंदन में 10 डाउनिंग स्ट्रीट द्वारा जारी एक बयान में स्टार्मर ने कहा, 'आपके ऐतिहासिक चुनाव जीत पर राष्ट्रपति-चुनाव ट्रंप को बधाई। मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

**मिशिगन और विस्कोंसिन में ट्रंप ने हासिल की बढ़त :** डोनाल्ड ट्रंप को 267 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिल चुके हैं और उन्हें जीत के लिए अब सिर्फ तीन इलेक्टोरल कॉलेज वोट ही चाहिए। रिपोर्ट्स के अनुसार, ट्रंप विस्कोंसिन और मिशिगन में बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं कमला हैरिस ने मिनेसोटा में जीत दर्ज की है।


### तीसरे स्विंग स्टेट में भी डोनाल्ड ट्रंप की जीत

डोनाल्ड ट्रंप ने स्विंग स्टेट्स को डेमोक्रेट पार्टी की पकड़ से दूर रखा है। वह नॉर्थ कैरोलाइना, जॉर्जिया के बाद अब पेंसिलवेनिया में भी जबरदस्त जीत हासिल कर चुके हैं। पेंसिलवेनिया की जीत मिलते ही उन्हें राज्य के सभी 19 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिल गए हैं। इसी के साथ उनके इलेक्टोरल कॉलेज वोट्स का आंकड़ा

### अमेरिकी मीडिया समूह ने ट्रंप की जीत को तय बताया

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में कई राज्यों में मतगणना जारी है। इस बीच अमेरिकी मीडिया समूह फॉक्स न्यूज ने एलान किया है कि डोनाल्ड ट्रंप का अमेरिका का अगला राष्ट्रपति बनना तय हो गया है। चैनल ने कहा कि ट्रंप की जीत तय है।

उन्हें 277 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिलने का अनुमान है, जो कि बहुमत के 270 के आंकड़े से ज्यादा है। गौरतलब है कि अभी डोनाल्ड ट्रंप 247 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हासिल कर चुके हैं और उन्हें जीत के लिए 23 वोट चाहिए होंगे। वहीं कमला हैरिस 214 इलेक्टोरल कॉलेज वोट पा चुकी हैं।




### अमेरिका में स्वर्णिम काल लेकर आएंगे : डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने निर्णायक बढ़त हासिल कर ली है। जीत के बाद उन्होंने अपने समर्थकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अमेरिका की जनता का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि यह जीत अविश्वसनीय और ऐतिहासिक है। हम अमेरिका की भलाई के लिए काम करेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि ये पल इस देश को फिर से मजबूत करने में मदद करेंगे। फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में अपने संबोधन में ट्रंप ने कहा कि 'मैं हर दिन आपके लिए लड़ूंगा और अमेरिका में स्वर्णिम काल लेकर आएंगे।'

#### ट्रंप ने समर्थकों को कहा शुक्रिया

ट्रंप ने फ्लोरिडा में समर्थकों से कहा कि 'मैं आपका 47वां राष्ट्रपति हूं। ऐसी राजनीतिक जीत पहले कभी नहीं देखी गई।' भारी जीत की कगार पर खड़े रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप ने अपने समर्थकों का शुक्रिया अदा किया और इसे अमेरिकी लोगों की शानदार जीत बताया। दरअसल, 78 वर्षीय ट्रंप को फिलहाल 267 इलेक्टोरल कॉलेज वोट मिलने की जानकारी है। यह 270 के जादुई आंकड़े से तीन कम है। वहीं, उनकी प्रतिद्वंद्वी मौजूदा उपराष्ट्रपति कमला हैरिस 214 इलेक्टोरल कॉलेज वोटों के साथ पीछे चल रही हैं।

#### ट्रंप बोले- हमने इतिहास रच दिया

ट्रंप ने कहा कि 'हम अपने देश को ठीक करने, अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए काम करेंगे। हमने आज इतिहास रच दिया है। हमने सबसे अविश्वसनीय राजनीतिक जीत हासिल की है। मैं अमेरिकी लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं अपनी हर सांस के साथ आपके और आपके परिवार के लिए लड़ूंगा।' ट्रंप ने कहा कि 'यह एक ऐसा आंदोलन था, जिसे पहले कभी किसी ने नहीं देखा।

सच कहूं तो मेरा मानना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक आंदोलन था। इस देश में और शायद इससे परे भी ऐसा कुछ कभी नहीं हुआ। अब यह एक नए स्तर पर पहुंचने जा रहा है, क्योंकि हम अपने देश को ठीक करने में मदद करने जा रहे हैं। हमारे पास एक ऐसा देश है, जिसे मदद की जरूरत है। यह ऐतिहासिक है। इसका कारण सिर्फ यही है कि हमने उन बाधाओं को पार किया, जिनके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था।'



मेरा मानना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक आंदोलन था। हमने आज इतिहास रच दिया है। हमने सबसे अविश्वसनीय राजनीतिक जीत हासिल की है।
-डोनाल्ड ट्रंप




## डोनाल्ड ट्रंप की जीत से गद्गद एलन मस्क

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की दिलचस्प रेस में ट्रंप की जीत निश्चित हो गई है। डोनाल्ड ट्रंप ने इसमें जबरदस्त बढ़त बना ली है। इस बीच अमेरिकी संसद के उच्च सदन- सीनेट में भी डोनाल्ड ट्रप की रिपब्लिकन पार्टी अब बहुमत में है। डेमोक्रेट पार्टी की इस हार को लेकर ट्रंप के कट्टर समर्थक कहे जाने वाले अरबपति कारोबारी एलन मस्क ने तंज कसा है।

मस्क ने अपने मालिकाना हक वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में ट्रंप की बेहतर आर्थिक नीतियों की ओर इशारा करते हुए कहा, अमेरिका निमार्ताओं का देश है। जल्द ही आप निर्माण के लिए आजाद होंगे।

इतना ही नहीं मस्क ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक तस्वीर भी पोस्ट की, जिसमें वह अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय में बाथरूम का सिंक थामे नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, लेट दैट सिंक इन यानी इसे अंदर आने दो। मस्क के इस तंज को सैकड़ों लोगों ने पसंद किया। इतना ही नहीं मस्क ने एक रॉकेट लॉन्च की फोटो भी पोस्ट की। इसमें उन्होंने कैप्शन दिया- भविष्य बहुत जबरदस्त होने वाला है।

**विवादों में घिर चुकी है एलन मस्क की चुनावों में भागीदारी :** एलन मस्क की भागीदारी विशेष रूप से तब विवादों में घिर गई, जब उन्होंने एक मामले की सुनवाई में शामिल नहीं होने का फैसला किया, जिसमें उन पर पंजीकृत मतदाताओं को लाखों देने का आरोप लगाया गया था। विशेषज्ञों ने इस कदम की तुलना वोट खरीदने से की है। इसके अलावा, उन पर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन की जांच भी चल रही है।

### अमेरिकी पीएसी का नेतृत्व कर रहे मस्क

एलन मस्क अब अमेरिका पीएसी का नेतृत्व कर रहे हैं, जो ट्रंप के वोट-आउट-द-वोट प्रयास का समर्थन करने वाला एक सुपर पीएसी है। शुरूआती संघर्षों के बावजूद, मस्क नए सलाहकार लाए और कागज पर संख्या में सुधार हुआ है। फिर भी, रिपब्लिकन अधिकारी जॉर्जिया जैसे महत्वपूर्ण राज्यों में पीएसी के जमीनी खेल की प्रभावशीलता पर सवाल उठाते हैं। अपने पीएसी से मस्क की निराशा ने उन्हें बोरिंग कंपनी के स्टीव डेविस जैसे निजी क्षेत्र के सहयोगियों को लाने के लिए प्रेरित किया है। इसके अलावा, उनकी कंपनियों, विशेष रूप से टेस्ला को नियामक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जो ट्रंप के जीतने पर कम हो सकती हैं।

## खूब जमेगी कैमिस्ट्री, मोदी-ट्रंप क्रिएट करेंगे नई हिस्ट्री

### 'ड्रैगन के खिलाफ सख्त स्टैंड लेने वाले डोनाल्ड बंद करेंगे अवैध एंट्री'

**वाशिंगटन।** अमेरिका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने बाजी मार ली है। हालांकि ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी कमला हैरिस के बीच कड़ा मुकाबला रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की जीत से भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते कैसे होंगे, इस मुद्दे पर अमर उजाला डॉट कॉम ने कई दशकों तक शिकागो में रहे डॉक्टर मनीष रायजादा से बातचीत की है।

अमेरिका की राजनीति एवं दूसरे मुद्दों पर गहरी नजर रखने वाले रायजादा कहते हैं, देखिये एक बात तो साफ है कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच शानदार केमिस्ट्री रही है। कई मुद्दों पर ये दोनों नेता, एक साझा समझ रखते हैं। बड़ी बात यह है कि ड्रैगन यानी 'चीन' के खिलाफ कठोर स्टैंड रखने वाले ट्रंप, अब मेक्सिको के जरिए अमेरिका में अवैध एंट्री करने वालों पर शिकंजा कसेंगे। संभव है कि वे मेक्सिको बॉर्डर पर दीवार खड़ी करने का काम पूरा करेंगे। निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में दीवार का काम अधूरा रह गया



था। मेक्सिको बॉर्डर पर दीवार बनाने का प्लान ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान तैयार किया था।

डॉ. रायजादा के मुताबिक, इसमें कोई शक नहीं है कि अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडेन के खिलाफ एंटी इन्कमबेंसी थी। इस चुनाव के नतीजों ने यह बात भी साफ कर दी है कि वर्तमान हालातों में अमेरिका के लोग, महिला राष्ट्रपति को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। ट्रंप ऐसे राष्ट्रपति रहे हैं, जिन्होंने चीन को लेकर अपने कठोर व्यवहार का परिचय दिया था। जिस तरह के तेवर ट्रंप ने ड्रैगन को दिखाए, वैसे निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडेन नहीं दिखा पाए। मोदी और ट्रंप के बीच बेहतर समझ रही है। अभी तक आउट डोर मैसेज यही है कि ये दोनों नेता, विश्व के लिए एक साथ मिलकर अच्छा काम करेंगे।

दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप, चीन की विस्तारवादी नीति के खिलाफ रहे हैं। साल 2020 में पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद, दोनों मुल्कों के संबंध खराब हो गए थे। हालांकि दोनों देशों के बीच व्यापार और बातचीत जारी रही। पिछले दिनों एलएसी पर दोनों देशों ने अपने सैनिकों को पीछे हटाया है। डॉ. मनीष रायजादा ने कहा, ट्रंप के आने के बाद सीमा सहित कई मसलों पर चीन अपनी ज्यादा दादागिरी नहीं दिखा सकेगा। इसका फायदा भारत को मिल सकता है। ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि वे रूस और यूक्रेन के बीच जारी लड़ाई को 24 घंटे में खत्म करा देंगे। इस बयान के पीछे एक बड़ी वजह यह बताई गई है कि जो बाइडेन के कार्यकाल में अमेरिका के लोगों के टैक्स मनी का पैसा, यूक्रेन में जा रहा था। इसे लेकर वहां के लोगों में नाराजगी थी।

अमेरिका में महंगाई भी लगातार बढ़ रही है। हालांकि चुनाव प्रचार में महंगाई को लेकर ट्रंप और कमला हैरिस, दोनों नेताओं ने इसे कम करने का वादा किया था। अवैध प्रवासियों की समस्या को लेकर ट्रंप ज्यादा आक्रामक दिखाई पड़ते हैं। इन पर भी अमेरिका का काफी पैसा खर्च होता है। महंगाई बढ़ने के पीछे यह भी एक बड़ा कारण है। इजरायल और हमास के बीच जारी युद्ध को लेकर ट्रंप कह चुके हैं कि मैं इजरायल के साथ खड़ा हूं। भारतीय विदेश नीति के लिए ट्रंप बेहतर समझ रखते हैं, ऐसी उम्मीद की जा रही है। ट्रंप को बिजनेस और सामान्य क्लास के बीच सामंजस्य बैठाना होगा।

## अब भारतीय रेस्त्रां मालिक भी रख सकेंगे एशियाई देशों के रसोइये



**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय रेस्त्रां के लिए रसोइये ढूंढना आसान नहीं होता और खासकर त्योहारों जैसे दीवाली के समय यह और भी मुश्किल हो जाता है। इसी बात से परेशान होकर रेस्त्रां मालिकों ने सिंगापुर सरकार को रसोइये को लेकर आवेदन किया था। जिसको लेकर सरकार ने रस्तरां मालिकों को राहत देते हुए भारत, बांग्लादेश और श्रीलंका से वर्क परमिट पर रसोइये नियुक्त करने की अनुमति दी गई है।

बता दें कि सितंबर पिछले साल से आवेदन स्वीकार किए जाने के बाद पहले तीन महीनों में 400 भारतीय भोजनालयों ने इन कामकाजी परमिटों का इस्तेमाल किया। जिसको लेकर भारतीय रेस्त्रां एसोसिएशन के अध्यक्ष गुर्चरण सिंह ने कहा, त्योहारों के दौरान हमें बहुत सारे हाथों की जरूरत होती है, क्योंकि बहुत सारी खास चीजें बनानी होती हैं जैसे मीठे पकवान, जो हमारे सामान्य मेनू में नहीं होते।

### रेस्त्रांओं ने किया था आवेदन

रेस्त्रांओं द्वारा किए गए आवेदन का मूल्यांकन प्रसिद्ध शेफ जैसे उद्योग के विशेषज्ञ करते हैं, और सरकारी एजेंसियां भी इसमें शामिल होती हैं, जिसमें भारतीय धरोहर केंद्र भी शामिल है। इस फैसले से लाभ उठाने वाले रेस्त्रांओं में से एक है रिवरवॉक तंदूर, जो रंगून रोड पर स्थित है। इसके प्रबंधक निदेशक शरणजीत कौर ने इसे एक ₹सपने के सच होने₹ जैसा बताया, क्योंकि रेस्त्रां को शेफ की भर्ती में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

## सरकारी अधिकारी के 400 से ज्यादा अश्लील वीडियो मिले, सोशल मीडिया पर मचा बवाल

**मालाबो।** अफ्रीकी देश इक्वेटोरियल गिनी के एक शीर्ष सरकारी अधिकारी के 400 से ज्यादा अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हो गए हैं। इससे मध्य अफ्रीका के इस देश में भूचाल आ गया है और सरकार की इस मुद्दे पर भारी बदनामी हो रही है। दरअसल इन वीडियो में आरोपी सरकारी अधिकारी विभिन्न सरकारी अधिकारियों की पत्नियों के साथ शारीरिक संबंध बनाते दिख रहा है। स्थिति ये हो गई है कि सरकार ने इन वीडियो के प्रसार को रोकने के लिए इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा दिया है।

### क्या है पूरा मामला

आरोपी अधिकारी की पहचान बाल्टसार एबांग एंगोंगा के रूप में हुई है। आरोपी अधिकारी नेशनल फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी का निदेशक है। आरोपी अधिकारी ने



अपने कार्यालय, घर समेत विभिन्न स्थानों पर महिलाओं के साथ शारीरिक संबंध बनाए। गौरतलब है कि जिन महिलाओं के साथ आरोपी अधिकारी ने शारीरिक संबंध बनाए, उनमें से कई इक्वेटोरियल गिनी सरकार के शीर्ष अधिकारियों की पत्नियां हैं।

इक्वेटोरियल गिनी के उपराष्ट्रपति टेयोडोरो न्गुएमा ओबोइंग ने उन सभी अधिकारियों को तुरंत निलंबित करने का आदेश दिया है, जो अपने कार्यालय में शारीरिक संबंध बनाते पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह आचार संहिता का उल्लंघन है। बता दें कि इक्वेटोरियल गिनी में पहली बार नहीं है, जब वहां के सरकारी अधिकारियों के अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर लीक हुए हैं, पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम 'परिवार संस्था को बर्बाद होते नहीं देख सकते'।

### ऐसे लीक हुई अश्लील वीडियो

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आरोपी अधिकारी को भ्रष्टाचार के एक मामले में जेल भेजा गया था। इस दौरान जांच एजेंसियां उसके घर की तलाशी लेने पहुंची तो उन्हें जांच के दौरान आरोपी अधिकारी की अश्लील वीडियो मिलीं।

# न कोई संशय न कोई भूल, जाटव समाज भी खिला रहा है कमल का फूल : सुनील शर्मा

## प्रभारी हिमांशु मित्तल ने चुनावी टोली में लगे सभी कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद किया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव संयोजक एवं पूर्व महापौर अशु वर्मा ने नवयुग मार्केट स्थित मुख्य चुनाव कार्यालय पर बुधवार को चुनाव संचालन समिति की बैठक का आयोजन किया। 'न कोई संशय न कोई भूल, जाटव समाज भी खिला रहा है कमल का फूल', यह बात गाजियाबाद विधानसभा के विधायक रहे तथा साहिबाबाद विधानसभा के विधायक और योगी सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने चुनाव संचालन समिति के कार्यकर्ताओं के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि मुझे भी जीत दिलाने में हर वर्ग के मतदाता का सहयोग रहा है। उन्होंने अपने चुनाव की बात करते हुए बताया कि मुझे विधानसभा चुनाव में 68 प्रतिशत वोट मिला।

जिनमें से 48 प्रतिशत एससी एसटी और ओबीसी का ही हिस्सा रहा। इसलिए इस बार भी भाजपा प्रत्याशी संजीव शर्मा की जीत को सभी वर्ग मिलकर अपना मतदान करते हुए ऐतिहासिक बनाने वाले। उन्होंने कहा न कोई संशय न कोई भूल सभी वर्ग मिलकर खिलाएंगे कमल का फूल। संचालन समिति की बैठक में सांसद अतुल गर्ग, पूर्व सांसद रमेश चंद्र तोमर, योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एवं मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, चुनाव प्रभारी हिमांशु मित्तल ने संचालन समिति की बैठक को अलग-अलग अनुभवों को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

सभी वक्ताओं ने अपने अलग-अलग संबोधन में मुख्य रूप से चुनाव को किसी भी हालत में शिथिल ना पड़ने देने मशविरा दिया और कहा यह एक उपचुनाव है जिसमें आम जनता की रुचि को घर-घर जाकर ही जागृत किया जा सकता है, अन्यथा पिछले चुनाव के परिणाम वोटिंग प्रतिशत में बड़े हैरान कर देने वाले रहे हैं। उनका सबक लेते हुए हर हाल में हमें 50 से 55 प्रतिशत मतदान करने की योजना के अनुरूप कार्यकर्ताओं को घर घर जाना होगा। चुनाव के मूल मंत्र बूथ जीता तो चुनाव जीता को साकार करते हुए हमें बूथ पर कार्य करने के लिए डट जाना है।

संचालन समिति की बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक कृष्णवीर सिरोही, एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व क्षेत्र महामंत्री अशोक मोंगा, पूर्व महापौर आशा शर्मा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मयंक गोयल, पूर्व अध्यक्ष अमरदत्त शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विजय मोहन, पूर्व मंत्री सचिदानंद शर्मा पोखरियाल, जीडीए सदस्य पवन गोयल, महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, सुशील गौतम, प्रदीप चौहान, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, राजेंद्र मित्तल, चुनाव सह संयोजक राजीव शर्मा, सुनील यादव, रनीता सिंह, बॉबी त्यागी, मोनिका पंडिता, लेखराज माहौर, पार्षद पूनम सिंह, चंपा माहौर, रेनू चंदेल, तरुण शर्मा, संजय कुशवाहा, वीरेंद्र सारस्वत, संदीप त्यागी, विनीत दत्त, पार्षद सुरेंद्र सेन, सतीश कुमार, बृजभूषण चौहान, पीतांबर पाल, मीना भंडारी, अमित रंजन, जावेद खान सैफ, संजीव झा, संजीव जांगड़, पंकज भारद्वाज, सौरव चतुर्वेदी, आशुतोष शर्मा, संजीव चौधरी, कुलदीप त्यागी, डीएन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

### कोई छूटे न कोई रूठे न : मंत्री कपिल अग्रवाल

**करंट क्राइम।** मंत्री कपिल अग्रवाल ने कहा कोई छूटे न कोई रूठे न। उन्होंने कहा विशेषकर चुनाव के दौरान सूचना के तंत्र को मजबूत रखते हुए सभी को साथ लेकर चलना है। प्रभारी हिमांशु मित्तल ने चुनावी टोली में लगे सभी कार्यकर्ताओं को बहुत सौभाग्यशाली बताया कि ये वो लोग हैं जो लोकतंत्र के पर्व में देश और प्रदेश में सुशासन व विकसित भारत का संकल्प लेने वाली पार्टी के साथ सीधा जुड़कर पार्टी एवं सरकार के संकल्प को साकार करने में लगे हैं।

### वोटिंग प्रतिशत हमारे लिए बड़ी चुनौती : अशु वर्मा

**करंट क्राइम।** चुनाव संयोजक पूर्व महापौर अशु वर्मा ने बताया भाजपा का प्रत्याशी तो जीत ही रहा है के अति आत्म विश्वास को मन में बसाकर अपने काम की धार को कुंद नहीं करना है। बल्कि अपनी जीत के आत्मविश्वास को लेकर परिश्रम की पराकाष्ठा तक कार्य करते रहना है। तभी जीत का इतिहास बनेगा। वोटिंग प्रतिशत हमारे लिए बड़ी चुनौती है जिसके लिए प्रत्येक नेता, कार्यकर्ता को बूथ पर जाकर ही कार्य करना है।

## खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने छठ पूजा स्थल का किया निरीक्षण

### घाट पर तैयारियों को लेकर कर्मचारियों को दिए निर्देश





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** खोड़ा नहर रोड घाट पर आज से शुरू होने वाली छठ पूजा को लेकर नगर पालिका चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने घाट का निरीक्षण किया। साथ ही वहां बिजली पानी और साफ-सफाई की व्यवस्थाओं को लेकर नगर पालिका कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। नहर रोड घाट पर हजारों की संख्या में छठ पूजा में शामिल होने के लिए महिला पुरुष और बच्चे इकट्ठा होते हैं। सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका पूर्णतः प्रयासरत है। नगर पालिका परिषद चेयरमैन मोहिनी शर्मा ने बताया कि छठ पूजन का पर्व छह व सात नवंबर को मनाया जाएगा। इस दौरान नहर रोड के घाट पर काफी संख्या में महिलाएं एकत्र होंगी। इसलिए बिजली व सफाई की जरूरत है। सफाई कराकर तीर्थ मार्ग पर चूना भी डलवाया जाएगा। इसके अलावा छठ पर्व के पहले दिन नगर पालिका का एक शिविर भी सेट घाट पर लगेगा। उन्होंने ने बताया कि छठ पूजा आसानी से लोग कर सकें। इसके लिए पहले से कर्मचारी भेज कर उन्होंने नहर व आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण कराया। बिजली व्यवस्था ठीक कराई जा रही है। साथ ही ये छठ पर्व हिन्दू समाज का एक महत्वपूर्ण त्योहार है और इसे मनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएगी। वही साफ-सफाई, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, और गोताखोरों की तैनाती जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं। ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाट की साफ-सफाई में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। वहीं त्योहार की तैयारियों में सहयोग देने का आश्वासन दिया। अधिशासी अधिकारी, सभासदों और समाजसेवियों ने नगर पालिका की इस निष्ठा को सराहते हुए कहा कि इस बार की व्यवस्थाएं अत्यंत समर्पण और भव्यता से की गई हैं, जो पहले से कहीं अधिक उत्कृष्ट हैं।

## ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत




**हापुड़।** हापुड़ के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के निजामपुर रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय एक बड़ा हादसा हो गया। जहां ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात बुजुर्ग महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त का प्रयास शुरू कर दिया है।

### क्या है पूरा मामला?

दरअसल, मंगलवार की रात 60 वर्षीय महिला निजामपुर रेलवे फाटक पर रेलवे ट्रैक पार कर रही थी, तभी गाजियाबाद की ओर से हापुड़ आ रही ट्रेन की चपेट में आकर वृद्ध महिला की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने वृद्ध महिला को बचाने का प्रयास भी किया। लेकिन जब तक महिला कुछ समझ पाती हादसा हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन, महिला के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### शिनाख्त की कोशिश जारी

कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया एक महिला के रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर मौत होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है, आसपास के लोगों से संपर्क कर शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है।

# गाजियाबाद उपचुनाव : भाजपा युवा मोर्चा की बैठक सचिन डेढ़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई








**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा गाजियाबाद महानगर की सचिन डेढा की अध्यक्षता में आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर एक अति आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा विधान परिषद सदस्य प्रांशु दत्त द्विवेदी, अति विशिष्ट अतिथि प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिमी युवा मोर्चा सुखविंदर सोम एवं हिमांशु मित्तल क्षेत्रीय शहर कोषाध्यक्ष भाजपा एवं चुनाव प्रभारी शहर विधानसभा विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।

### उपचुनाव में संगठन और युवा मोर्चा पर बड़ा दायित्व : प्रांशु दत्त द्विवेदी

**करंट क्राइम।** प्रांशु दत्त द्विवेदी ने बताया की उपचुनाव के बारे में लोगों को ज्यादातर पता नहीं होता और अगर पता भी होता है तो लोग उसे हल्के में लेते हैं क्योंकि उन्हें यह लगता है कि उनके वोट करने या ना करने से सरकार तो बने या बिगड़ने वाली नहीं है, इसलिए हमें लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करना है। उपचुनाव में संगठन के साथ-साथ युवा मोर्चा का और ज्यादा बड़ा दायित्व रहता है। लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने जो भ्रम फैलाया उसे हम सभी कार्यकर्ताओं को दूर करना है और इसका जीता जागता उदाहरण हरियाणा का चुनाव है जिसमें संगठन ने अपनी पूरी शक्ति का उदाहरण दिया। युवा ऊर्जा के केंद्र होते हैं। युवा जोश जिस तरफ चलता है उसे तरफ परिणाम निकलते हैं और विजयश्री मिलती है। उपचुनाव में विजय रथ को दौड़ने का काम युवा मोर्चा द्वारा किया जाएगा। यह बात भारतीय जनता युवा मोर्चा की चुनाव कार्यालय नवयुग मार्केट में बैठक को संबोधित करते हुए प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा। बैठक में युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी ने उपचुनाव को जीतने का संकल्प लिया।

### मंडल स्तर पर युवा चौपाल आयोजित किए जाएंगे : सुखविंदर सिंह सोम

**करंट क्राइम।** सुखविंदर सोम ने युवाओं को संबोधित करते हुए उपचुनाव में क्या भागीदारी होगी इसे समझाते हुए बताया कि सभी मंडल स्तर पर बाइक रैली निकालनी है। मंडल स्तर पर युवा चौपाल आयोजित किए जाएंगे। युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने के लिए, युवा मोर्चा के प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर संपर्क करें और भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए अपील करें। सचिन डेढ़ा ने आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह लोगों के घर-घर जाकर उन्हें केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें। भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिन्होंने जो वादा किया, उसको पूरा करके दिखाया है।

### हिमांशु मित्तल ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**करंट क्राइम।** बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष हिमांशु मित्तल ने युवाओं को जोश भरते हुए बताया कि आप सब बीजेपी कैंडिडेट संजीव शर्मा हैं और आप सभी घर-घर जाकर संजीव शर्मा बनकर लोगों से वोट की अपील करें।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित क्षेत्रीय महामंत्री पश्चिमी अनुज कश्यप, प्रदेश सदस्य युवा मोर्चा गौरव सोलंकी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रॉबिन तोमर, क्षेत्रीय मंत्री काजल त्यागी, महानगर महामंत्री संदीप चौधरी, नितिन शर्मा, महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी, पुष्पेंद्र गुप्ता, प्रवीन बैसोया, आशु गुर्जर, राहुल भाटी, मोहित सिंह, विपिन यादव, सूरज सेन, पंकज लड्डू सूरत साइन एवं अन्य कार्यकर्ता महानगर के उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने की रिक्त संपत्तियों की खुली नीलामी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त सम्पत्तियों को नीलामी के माध्यम से विक्रय करने हेतु 04 अक्टूबर से 04 नवंबर, 2024 तक एच0डी0एफ0सी0 बैंक के माध्यम से आवेदन फार्म का विक्रय किया गया था। प्राप्त आवेदन फार्मों के क्रम में हिन्दी भवन, लोहियानगर में 06 नवंबर 2024 को खुली नीलामी की गयी, जिसमें गोविन्दपुरम योजना के कुल 14 आवासीय भवनों से रुपए 18.15 करोड़, गोविन्दपुरम योजना के एक आवासीय भूखण्ड से 0.57 करोड़, राधाकुंज योजना ब्रिज विहार के एक भूखण्ड से 1.44 करोड़, इन्दिरापुरम योजना के 03 आवासीय भूखण्डों से 21.70 करोड़, इन्दिरापुरम योजना की 01 दुकान भूखण्ड से 1.09 करोड़, इन्दिरापुरम योजना के 01 पेट्रोल पम्प भूखण्ड से 12.89 करोड़, शास्त्रीनगर योजना के 01 आवासीय भूखण्ड से 2.04 करोड़ एवं यू0पी0 बोर्डर के 01 दुकान भूखण्ड से 0.21 करोड़ में नीलामी के माध्यम से विक्रय किया गया जिससे प्राधिकरण को लगभग कुल रु0 58.11 करोड़ की आय प्राप्त होगी।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि गठबंधन उम्मीदवार के लिए अखिलेश जी कर गये कार्यकर्ताओं वाला प्रोग्राम? मगर हम देख रहे हैं गठबंधन के साथी कांग्रेस वाले हैं अपने किसी बड़े नेता का प्रोग्राम लगवाने को लेकर अंजान? सुना है अभी तक सपा वालों ने ही नहीं भेजी है उनको कोई डिमांड? कहने वाले ने कहा अगर आ जायें चुनाव में राहुल भैया या प्रियंका दीदी? तो जा सकता है और भी मजबूत पैगाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर संजीव शर्मा के चुनाव में अतुल गर्ग ने बनाया है कुछ हटकर प्लान? प्लान ऐसा है जिस पर नहीं जा रहा है किसी का भी ध्यान? अगर ये प्लान चढ़ा ठीक से परवान? तब चुनाव के बाद खामोश हो जायेगी तमाम विरोधियों की जुबान? प्लान की कामयाबी से चला जायेगा सब जगह ऊपर से नीचे तक स्पष्ट संदेश? करा देंगे गर्ग साहब एहसास कि यूं ही नहीं मांगा था आपसे चुनाव के लिए सिर्फ मैंने पहलवान के दोस्त का फेस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी आता है कोई चुनाव? तब हम देखते हैं महावत कुलदीप भैया दिखाते हैं कैंडिडेट को बड़े-बड़े ख्वाब? जातियों के निचोड़ का पिलाते हैं उसको खूब जूस? कराते हैं एहसास कि डी फैक्टर में तमाम बिरादरियां जुड़ कर मिलकर आपको चुनाव जिता रही हैं? सदन में बैठने का बन रहा है आपका वजूद? पुण्डीर जी को भी दिखाये थे कुलदीप भैया ने खूब इसी तरह के ख्वाब? बाकी रिजल्ट क्या आया, इस बारे में सब जानते हैं साहब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था भगवागढ़ के चुनाव कार्यालय पर? मुझे यहां पर नजर आ रहा था साहब के बहुत ही खास रहे भगवा मैम्बर का भी वजूद? वो ठीक उस होर्डिंग के सामने थे मौजूद? जिसमें साहब का फोटो नहीं हुआ था यूज? बार-बार हमने इस अनदेखी का किया खास मैम्बर की ओर ईशारा? इस अनदेखी पर हमारा दिल उनकी राय जानना था चाह रहा? हमारी तमाम कोशिशों के बावजूद नहीं खोली उन्होंने जुबान? हम पूछते रहे अनदेखी पर सवाल? वो भटकाते रहे हमारा ध्यान? वक्त ने किया क्या हसीं सितम, तुम रहे ना तुम हम रहे ना हम, वाला पेश कर रहे थे वो पैगाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर ने चुनाव में कर दी है जोरदार चढ़ाई? हम देख रहे हैं रोजाना कर रहे हैं वो बीस-बीस जनसभाएं? ये आंकड़ा अभी तक 150 के पार हो चुका है भाई? कहने वाले ने कहा आप मत समझो इसको उपचुनाव की लड़ाई? ये पूरी मेहनत आने वाले सात सालों के लिए दे रही है दिखाई? चुनाव में जितना ज्यादा मिलेगा कमांडर को वोट? उतना ही मजबूत होगा उनका अगले पांच सालों का सपोर्ट? इसलिए फूंक दी है पहलवान के दोस्त ने पूरी जान? करवटें बदल कर भी वो वोट मांग रहे हैं श्रीमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि पार्टी की मीटिंगों में गठबंधन के साथी रालोद वालों को बुलाना नहीं है कोई बड़ी बात? देखना अब ये है जब होगा सीएम योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम? तब भाजपा वाले कितना करेंगे रालोद वालों को याद? हमने देखा हाल ही में हुआ है पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का सपा कार्यकर्ताओं के साथ वाला प्रोग्राम? इस प्रोग्राम में मंच पर कांग्रेस के तमाम नेता मौजूद थे श्रीमान? देखना अब ये है कि पन्ना प्रमुख वाले कार्यक्रम में रालोद वालों को भी मिलेगा क्या मंच पर स्थान? ऐसी चर्चा हम कहीं पर सुन कर आयें हैं श्रीमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि खुल कर दे रहे हैं इस वक्त पूर्व पार्षद हिमांशु लव भगवा कमांडर का साथ? पंजाबी फैक्टर पर उन्होंने थाम लिया है उनका हाथ? बुधवार को राकेश मार्ग पर उन्होंने भगवा कमांडर के समर्थन में सभा कराई जोरदार? करा दिया एहसास, अगर आप हमसे मोहब्बत करोगे तो फिर हम भी हैं हर तरह से तैयार? कहने वाले ने कहा कि देखते ही बन रहा है लव भैया का भगवा कमांडर से प्यार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अंदर की कहानी? अगर आपको अपने राजनीतिक भविष्य की जानने की हो चाहत? तो फिर आप सांवरे-सांवरे सांवरिया जी से जान सकते हैं भविष्यवाणी? हमें पता है कि भगवा कमांडर को उन्होंने टिकट होने से पहले दे दी थी दस दिन पहले ही बधाई? कर दिया था उनको व्हाट्सऐप मैसेज? कह दिया था हो गया है आपका टिकट कन्फर्म? दस दिन पहले टिकट के बारे में बता देना? वाकई में हैं सांवरिया जी की बात में दम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि आज कल खूब दिख रहा है अनुज मित्तल का गजब का अंदाज? सुबह शाम वो भगवा कमांडर के प्रचार का फेसबुक पर कर रहे हैं अलाप? कर रहे हैं वो छोटी-बड़ी सभी पोस्ट शेयर? उनका यह अंदाज हो गया है रेयर? कहने वाले ने कहा आगे जब बात नामित या बोर्ड की आयेगी तब कमांडर को भी करनी होगी मित्तल भैया की केयर? बाकी गर्ग साहब अपने इस प्रिय का मामला कर देंगे फेयर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हमने अखिलेश जी का कार्यक्रम किया बारीकी से नोट? हमने देखा राशिद और राहुल भैया जिस समय पर मारनी होती है मार देते हैं चोट? हमें लग रहा था इस बार मंच का नहीं आयेगा उनके नाम पर पैगाम? मगर दोनों मंच पर ऐसे मौजूद थे, जैसे पद हो उनके पास वर्तमान? उनकी मंच पर मौजूदगी करा रही थी इस बात का भी एहसास? भैया जी के दिल में आज भी है उनके लिए जगह औरों से खास?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समर कूल चेयरमैन संजीव गुप्ता देश में रहें या विदेश में रहें मगर विशेष लगाव उन्हें हमेशा अपनो से ओर अपने देश से रहता है। उनके शब्द बता रहे हैं कि अपनी संस्कृति अपने वतन और अपने लोग हमेशा अपने होते हैं। संजीव गुप्ता की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

